www.dainikchingari.com
26 जनवरी 1950 को स्थापित
संस्थापकः बाबूसिंह चौहान
बिजनौर : बुधवार , 22 जुलाई , 2026
अंक- 268 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 20

# चिंगारी

प्रभास
बने देश के सबसे
पसंदीदा स्टार



## 30वीं पुण्यतिथि पर शत-शत नमन



# स्व. चौधरी तेजपाल सिंह

पूर्व राज्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार

स्वर्गवास : 22 जुलाई 1996

आपके आदर्श और आपकी जीवनशैली आज भी हमारा मार्गदर्शन और उत्साहवर्द्धन कर रहे हैं। आपकी मधुर स्मृतियां हमारे मन-मरितष्क में रची-बसी हुई हैं।

**सुरेखा चौधरी (पत्नी)**

डॉ. नीरज चौधरी-डॉ. सीमा चौधरी (पुत्र-पुत्रवधू)

पंकज चौधरी-नीलम चौधरी (पुत्र-पुत्रवधू)

गौरव असीम (भांजा), श्रीमती सलोनी (भांजे की पत्नी)

अधवित चौधरी (भांजे का बेटा)

डॉ. मल्लिका-शान्तनु (पौत्री-दामाद)

डॉ. शौर्य चौधरी-डॉ. ऐश्वर्या चौधरी (पौत्र एवं पौत्रवधू)

डॉ. अधिराज चौधरी (पौत्र)

**निवासः- ग्राम इस्माईलपुर, जनपद बिजनौर**

**सम्बन्धित प्रतिष्ठान**

कॉसमॉस हॉस्पिटल, मुरादाबाद
चौधरी हार्टकेयर सेण्टर, शक्ति चौक, बिजनौर
चौधरी स्टील, इस्माईलपुर, चांदपुर
हनु स्टील प्रा.लि., सिकंदराबाद, बुलंदशहर
दी हीलर्स हॉस्पिटल, चक्कर रोड, निकट काली माता का मंदिर, बिजनौर

जोगराज सिंह-तेजपाल सिंह
मण्डी कोटला, चांदपुर
अनरसल एलायज एण्ड स्टील प्रा.लि.
निकट ग्राम हीमपुर बुजुर्ग
नूरपुर रोड, चांदपुर

# मेधावी छात्राओं को मिलेगी स्कूटी दो नए एक्सप्रेस-वे भी बनेंगे

## योगी कैबिनेट ने दी 18 प्रस्तावों को मंजूरी

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 18 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी। इनमें रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना और प्रदेश में दो नए एक्सप्रेस-वे के निर्माण का फैसला प्रमुख रहा। साथ ही सरकार ने विधानसभा के मानसून सत्र की तिथियों का भी ऐलान किया। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार, प्रदेश में स्नातक (ग्रेजुएशन) की पढ़ाई कर रही मेधावी छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के तहत स्कूटी उपलब्ध कराई जाएगी।



इस योजना का लाभ उन छात्राओं को मिलेगा, जिनके परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपये से कम है। प्रत्येक विश्वविद्यालय और महाविद्यालय की शीर्ष पांच प्रतिशत छात्राओं को स्कूटी प्रदान की जाएगी। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि सरकार केवल स्कूटी ही नहीं देगी, बल्कि उसका पंजीकरण, बीमा, हेलमेट, आवश्यक सहायक सामग्री और पांच लीटर पेट्रोल भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा बताया कि स्कूटी पेट्रोल चालित होगी और इसकी खरीद सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने बताया कि दिव्यांग छात्राओं, शहीदों की बेटियों तथा निराश्रित परिवारों की बेटियों के लिए वार्षिक आय सीमा की शर्त लागू नहीं होगी। कैबिनेट ने प्रदेश में विंध्य एक्सप्रेस-वे और विंध्य-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण को भी मंजूरी दी।

# जौहर विश्वविद्यालय पहुंचा सपा प्रतिनिधिमंडल

## भुल्लर बोले- विश्वविद्यालय पर आंच नहीं आने देंगे

**रामपुर (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के रामपुर स्थित मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के विरुद्ध प्रस्तावित प्रशासनिक कार्रवाई के बीच मंगलवार को समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय पहुंचा। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कुलदीप सिंह भुल्लर के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय परिसर का दौरा किया और कहा कि समाजवादी पार्टी तथा सिख समाज विश्वविद्यालय को बचाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगा। श्री भुल्लर ने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई राजनीतिक द्वेष की भावना से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि सरकार यदि चाहे तो किसी भी संस्थान में कमियां निकाल सकती है, लेकिन शिक्षा संस्थानों को निशाना बनाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि देशभर के युवा जौहर विश्वविद्यालय के समर्थन में अपनी आवाज उठा रहे हैं और प्रतिनिधिमंडल छात्रों एवं विश्वविद्यालय प्रशासन का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से यहां पहुंचा है। उनका दावा था कि विश्वविद्यालय का निर्माण ग्राम समाज की भूमि पर नियमानुसार हुआ है तथा उसका मानचित्र स्वीकृत है। सपा नेता ने आरोप लगाया कि सरकार शिक्षा के इस संस्थान को समाप्त कर युवाओं के भविष्य को प्रभावित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता इसे स्वीकार नहीं करेगी और समाजवादी पार्टी इस मुद्दे को लोकतांत्रिक तरीके से उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि सिख समाज की ओर से भी विश्वविद्यालय के समर्थन में पूरा सहयोग रहेगा और विश्वविद्यालय पर किसी प्रकार की आंच नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव भी लगातार इस मुद्दे को उठा रहे हैं तथा समाजवादी पार्टी विश्वविद्यालय को बचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

# तीन अगस्त से शुरू होगा उप्र विधानमंडल का मानसून सत्र

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र तीन अगस्त से छह अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। चार दिन तक चलने वाले इस सत्र में योगी आदित्यनाथ सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 का पहला अनुपूरक बजट पेश कर सकती है।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में मानसून सत्र बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

सत्र के दौरान सरकार विभिन्न विधायी और वित्तीय कार्यों को पूरा करेगी। इसके साथ ही विपक्ष कई जनहित और समसामयिक मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। विपक्ष अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी, विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं, महंगाई, बेरोजगारी, प्रदेश में भारी बारिश से उत्पन्न हालात तथा कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दे सदन में उठाने की रणनीति बना रहा है।







26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 22 जुलाई , 2026

# काले कपड़ों में संसद पहुंचे विपक्षी सांसद

## राहुल-प्रियंका-अखिलेश ने संभाली कमान


**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों के नेताओं ने आज संसद भवन के मकर द्वार पर काले कपड़े पहनकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। ये प्रदर्शन नीट पेपर में धांधली के खिलाफ छात्रों के आंदोलनों और शिक्षा व्यवस्था में जारी अशांति से निपटने के सरकार के तरीके के खिलाफ आयोजित किया गया है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अन्य सांसदों को दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने और जंतर-मंतर पर सीजेपी कार्यकर्ताओं व छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में विपक्षी दलों ने एक साथ आकर अपनी नाराजगी जताई है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस के इस बड़े विरोध प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य युवाओं और छात्रों के भविष्य से जुड़े इस संवेदनशील मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना और कड़ा संदेश देना है। पार्टी सांसदों ने एक साथ एकजुट होकर विरोध जताने की रणनीति बनाई है। संसद भवन परिसर में आयोजित कांग्रेस के प्रदर्शन में शामिल हुईं प्रियंका ने कहा कि हमारे साथ जो हुआ, वह अहम नहीं है।



## तत्काल सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

### सीजेआई बोले- वीडियो देखने का समय नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शनकारियों पर पुलिस कार्रवाई से जुड़ी एक अर्जेंट याचिका सुनने से इनकार कर दिया है। याचिका दायर करने वाले वकील ने कोर्ट से कहा था कि वह दिल्ली पुलिस के हमले की वीडियो देखें और मामले में खुद संज्ञान लें। लेकिन भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने साफ कह दिया कि कोर्ट के पास वीडियो देखने का समय नहीं है। उन्होंने वकील से यह भी कहा कि वह कोर्ट का समय बर्बाद न करें और अपना समय भी बर्बाद न करें। यह मामला उस समय सामने आया जब एक वकील ने सुप्रीम कोर्ट में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हुई पुलिस कार्रवाई का जिक्र किया। वकील ने कोर्ट को बताया कि पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर सख्ती की और इसके कई वीडियो मौजूद हैं।















**भली लगे या बुरी...**

## भ्रष्टाचार और उच्चाधिकारी

अधिकारियों का भ्रष्टाचार, लाल फीताशाही और लेटलतीफी किसी से छिपी नहीं है। इस कारण आम लोग सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाकर थक जाते हैं, मगर उनका सही काम भी नहीं हो पाता। इंसाफ की आस में इस दफ्तर से उस दफ्तर तक भटकते रहते हैं। साथ ही उच्चाधिकारियों के भ्रष्टाचार के चलते व्यवस्था को जंग लग रहा है। हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जोर देकर कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों पर भी अधिक जिम्मेदारियां डाली जायें भ्रष्टाचार व लेटलतीफी की जिम्मेदारी अधीनस्थ कर्मियों पर डालने की बढ़ती प्रवृत्ति पर मुख्यमंत्री अधिक अंकुश लगायें। नौकरशाही और राजनेताओं के भ्रष्टाचार पर नकेल डालने की दिशा में कुछ साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने भी एक अहम फैसला सुनाया था। पांच जजों की संविधान पीठ ने यह फैसला सुनाते हुए कहा था कि बड़े पदों पर बैठे नौकरशाहों से पूछताछ के लिए अभी तक सीबीआई को सरकार की इजाजत लेना जरूरी हुआ करती थी, उससे सम्बन्धित धारा 6 ए को अब रद्द कर दिया गया है। अदालत का मानना है कि कानून की यह धारा असंवैधानिक है और धारा 6 ए के अन्तर्गत संरक्षण प्राप्त व्यक्ति को 'कानून से सुरक्षा' देती लगती है। भ्रष्टाचार राष्ट्र का दुश्मन है और ऐसे मामलों में अधिकारियों के बीच वर्गीकरण नहीं किया जा सकता। अदालत ने साफ कहा कि धारा 6ए के अन्तर्गत पहले अनुमति लेने का सीधा सा अर्थ है जांच में बाधा डालना। यह स्थिति खत्म करने के लिए ही धारा 6-ए को हटाने को फैसला लिया गया है। इस सम्बन्ध में केन्द्र सरकार के तर्क बहुत लचर थे। उसका कहना था कि वरिष्ठ अफसरों से बिना अनुमति पूछताछ इसलिए नहीं होनी चाहिए क्योंकि वे नीति निर्धारण प्रक्रिया में शामिल होते हैं। यदि ऐसा होता है तो एफआईआर से सम्बन्धित अफसरों और विभागों की प्रतिष्ठा प्रभावित होगी। केन्द्र के इस तर्क को संविधान पीठ ने नहीं माना। भ्रष्टाचार के अनेक मामलों में बड़े अधिकारियों की कथित भागीदारी के सबूत मिलने के बावजूद वे प्रायः सरकार से पूर्व इजाजत लेने के इस प्राविधान के तहत कानून से बचते रहे हैं। अब इस फैसले से निश्चय ही सरकार का दखल कम होगा और विपक्षियों के खिलाफ इसके दुरुपयोग की सम्भावनाएं घटेंगी।

# भारतीय लोकतंत्र की नींव स्वतंत्रता, समानता और अभिव्यक्ति की आज़ादी

**-कुमार कृष्णान**

भारतीय लोकतंत्र के सामने इस समय सबसे बड़ा संकट चुनावों का नहीं, संवाद का है। चुनाव समय पर हो रहे हैं, सरकारें बन रही हैं, संसद चल रही है और न्यायपालिका भी अपने दायित्व निभा रही है। फिर भी देश के अलग-अलग हिस्सों से उठती आवाज़ें एक असहज प्रश्न पूछ रही हैं कि क्या लोकतंत्र में असहमति के लिए जगह लगातार सिकुड़ती जा रही है? क्या नागरिकों की असहमति अब लोकतांत्रिक अधिकार के बजाय कानून-व्यवस्था की समस्या के रूप में देखी जाने लगी है? और क्या सत्ता से प्रश्न पूछना धीरे-धीरे संदेह की निगाह से देखा जाने लगा है? ये प्रश्न किसी एक सरकार, किसी एक दल या किसी एक घटना तक सीमित नहीं है। ये भारतीय लोकतंत्र की उस बुनियादी संरचना से जुड़े प्रश्न हैं, जिसकी नींव संविधान ने स्वतंत्रता, समानता और अभिव्यक्ति की आज़ादी पर रखी थी। लोकतंत्र केवल इस बात का नाम नहीं है कि जनता हर पांच वर्ष में मतदान कर दे। लोकतंत्र का अर्थ यह भी है कि सरकार बनने के बाद भी नागरिक की आवाज़ उतनी ही महत्वपूर्ण बनी रहे, जितनी मतदान के दिन थी। लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी सहमति नहीं, बल्कि असहमति को सम्मानपूर्वक सुनने की क्षमता है। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान सभा में स्पष्ट कहा था कि संविधान कितना भी अच्छा क्यों न हो, यदि उसे चलाने वाले लोग लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध नहीं होंगे, तो वह सफल नहीं हो सकेगा। इस चेतावनी का आशय केवल संस्थाओं से नहीं था, बल्कि राजनीतिक संस्कृति से भी था। लोकतंत्र का सबसे बड़ा आधार कानून नहीं, बल्कि वह लोकतांत्रिक संस्कार है, जिसमें सत्ता आलोचना से घबराती नहीं और नागरिक प्रश्न पूछने से डरते नहीं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 ने नागरिकों को केवल बोलने का अधिकार नहीं दिया। उसने विचार व्यक्त करने, शांतिपूर्ण ढंग से एकत्र होने, संगठन बनाने और सरकार की नीतियों का विरोध करने का भी अधिकार दिया। यह संयोग नहीं था। संविधान निर्माताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन से सीखा था कि असहमति समाज को तोड़ती नहीं, बल्कि उसे अधिक उत्तरदायी बनाती है। यदि औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध सत्याग्रह वैध था, तो लोकतांत्रिक भारत में शांतिपूर्ण विरोध भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा है।

यही सबसे बड़ा प्रश्न खड़ा होता है। क्या आज असहमति को उसी सहजता से स्वीकार किया जा रहा है, जैसी एक लोकतांत्रिक समाज से अपेक्षा की जाती है? पिछले कुछ वर्षों में देश के अलग-अलग हिस्सों में उभरे आंदोलनों को देखें तो उनके मुद्दे अलग-अलग हैं, लेकिन उनकी शिकायत लगभग एक जैसी है कि हमें सुना नहीं जा रहा। दिल्ली के जंतर-मंतर पर लद्दाख और हिमालय के पर्यावरणीय भविष्य को लेकर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक का सत्याग्रह हो, मध्य प्रदेश में केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से प्रभावित आदिवासियों का आंदोलन हो, झारखंड के बड़कागांव, कोयलकारों, नेतरहाट फायरिंग रेंज और गोड्डा में भूमि, जंगल और आजीविका को लेकर दशकों से चल रहे संघर्ष हों, या किसानों का न्यूनतम समर्थन मूल्य और भूमि अधिग्रहण को लेकर बार-बार उठता असंतोष, इन सबमें एक साझा तत्व दिखाई देता है। लोग केवल अपनी मांग नहीं रख रहे, वे संवाद की मांग कर रहे हैं।

समस्या यह नहीं कि हर आंदोलन सही है या हर सरकारी परियोजना गलत। लोकतंत्र में ऐसा होना स्वाभाविक भी नहीं है। सरकार के पास विकास की अपनी दृष्टि होती है और आंदोलनों के पास अपने अनुभवों से निकला प्रतिरोध, लेकिन लोकतंत्र की सफलता इस बात से तय होती है कि इन दोनों के बीच संवाद कैसे स्थापित होता है। यदि संवाद की



जगह संदेह ले ले, यदि बातचीत की जगह पुलिस पहुंच जाए और यदि प्रश्न पूछने वालों को पहले अपराधी की तरह देखा जाए, तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया कमजोर होने लगती है। विकास और लोकतंत्र को अक्सर एक-दूसरे के विरोधी के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। यह एक खतरनाक सरलीकरण है। भारत को सड़कें चाहिएं, उद्योग चाहिए, बिजली चाहिए, सिंचाई परियोजनाएं चाहिएं और रोजगार भी चाहिए। लेकिन विकास का अर्थ केवल परियोजनाओं का निर्माण नहीं है। विकास का अर्थ यह भी है कि जिन लोगों के जीवन पर इन परियोजनाओं का सीधा प्रभाव पड़ने वाला है, उन्हें निर्णय प्रक्रिया में सम्मानजनक स्थान मिले। यदि विकास की कीमत नागरिक की आवाज़ हो, तो वह विकास अंततः समाज में अविश्वास पैदा करता है।

भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की सबसे बड़ी देन केवल राजनीतिक आज़ादी नहीं थी, बल्कि संवाद और प्रतिरोध की एक नैतिक परंपरा भी थी। महात्मा गांधी ने सत्याग्रह को इसलिए चुना, क्योंकि वे मानते थे कि अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का सबसे प्रभावी माध्यम नैतिक शक्ति है। उन्होंने विरोध को हिंसा का पर्याय नहीं बनने दिया। उन्होंने यह भी कहा कि सत्ता का दायित्व केवल शासन करना नहीं, बल्कि जनता की पीड़ा को सुनना भी है। आज इस परंपरा को नये सिरे से याद करने की आवश्यकता है। क्योंकि लोकतंत्र में सबसे बड़ी विफलता आंदोलन नहीं, बल्कि संवाद का समाप्त हो जाना है। जब जनता को लगता है कि उसकी बात सुनने वाला कोई नहीं है, तभी वह सड़क पर उतरती है। सड़क लोकतंत्र का पहला मंच नहीं, आखिरी मंच होती है। यही कारण है कि आज यह प्रश्न पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गया है कि क्या हम संवाद आधारित लोकतंत्र से नियंत्रण आधारित लोकतंत्र की ओर बढ़ रहे हैं? यदि इस प्रश्न का उत्तर तलाशना है, तो केवल राजनीतिक घटनाओं को नहीं, बल्कि बदलती लोकतांत्रिक संस्कृति को भी समझना होगा।

लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति यह नहीं कि उसके पास कानून लागू करने की क्षमता है, बल्कि यह कि उसके पास असहमति को सुनने का धैर्य है। राज्य की शक्ति उसके पुलिस बल, प्रशासनिक तंत्र या दंड व्यवस्था से नहीं, बल्कि उस नैतिक वैधता से आती है जो जनता के विश्वास से निर्मित होती है। यही कारण है कि जब असहमति को लोकतांत्रिक अधिकार के बजाय कानून-व्यवस्था का प्रश्न बना दिया जाता है, तब संकट केवल आंदोलन का नहीं रहता, लोकतंत्र की विश्वसनीयता का भी हो जाता है। बीते कुछ वर्षों में सार्वजनिक जीवन में एक नई राजनीतिक भाषा विकसित हुई है। असहमति रखने वालों को उनके तर्कों से नहीं, बल्कि विशेषणों से उत्तर दिया जाने लगा है। कोई राष्ट्रविरोधी है, कोई विकास विरोधी, कोई अर्बन नक्सल, कोई देशद्रोही। इस तरह के शब्द सार्वजनिक बहस को सरल अवश्य बना देते हैं, लेकिन लोकतंत्र को गहरा नहीं करते। किसी नागरिक के विचार से असहमति हो सकती है, लेकिन उसकी निष्ठा पर प्रश्नचिह्न लगा देना लोकतांत्रिक विमर्श का विकल्प नहीं हो सकता। वास्तव में लोकतंत्र में देशभक्ति का अर्थ सरकार से सहमत होना नहीं है। सरकारें बदलती रहती हैं, नीतियां बदलती रहती हैं, लेकिन संविधान स्थायी रहता है, इसलिए संविधान के प्रति निष्ठा और उसके मूल्यों की रक्षा ही लोकतांत्रिक देशभक्ति का सबसे प्रामाणिक रूप है।

# गुरु और शिष्य, दोनों को योग्य होना चाहिए, तभी एक-दूसरे की भलाई कर पाते हैं

**प्रेरक-प्रसंग**

कार्तिकेय स्वामी शिव जी के बड़े पुत्र हैं, उनका जन्म सरकंडे के वन में हुआ था। सरकंडे एक विशेष प्रकार की घास को कहा जाता है। शिव जी के अंश को हिमालय और गंगा भी संभाल नहीं सके थे। तब गंगा ने शिव जी के अंश को सरकंडे के वन में छोड़ दिया था। वहां जन्म हुआ था कार्तिकेय का। कई महिलाओं ने बालक का लालन-पालन किया। एक दिन उस वन में विश्वामित्र जी पहुंचे। उन्होंने बालक कार्तिकेय के तेज को देखा तो वे उसकी स्तुति करने लगे। स्तुति से बालक प्रसन्न हो गया और उसने कहा, ऐसा लगता है आप भगवान शिव की इच्छा से ही यहां आए हैं। आप मेरा वेद सम्मत संस्कार कर दीजिए और आज से आप मुझे प्रसन्न करने वाले पुरोहित हो जाइए। आप सभी के लिए पूजनीय होंगे। विश्वामित्र जी बोले सुनिए, मैं ब्राह्मण नहीं हूं। लोग मुझे क्षत्रिय ब्राह्मण सेवक विश्वामित्र के नाम से जानते हैं। अब आप कौन हैं, ये बताइए। बालक कार्तिकेय ने अपना परिचय दिया और फिर जिनसे अभी-अभी अपना वेद सम्मत संस्कार कराया था, उन्हीं गुरु विश्वामित्र से कहा मेरे आशीर्वाद से आप ब्रह्मर्षि होंगे और वशिष्ठ आदि ऋषि मुनि भी आपका सम्मान करेंगे।

# संसद भवन परिसर में दो दिन से धरने पर बैठे हैं सांसद चंद्रशेखर



**नगीना ( चिंगारी )।** कॉकरोच जनता पार्टी के बैनर तले दिल्ली में प्रदर्शनकारियों के साथ हुई पुलिस की झड़प के विरोध में नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद संसद भवन परिसर में दो दिन से लगातार धरने पर बैठे हुए हैं। नगीना सांसद चंद्रशेखर द्वारा एक्स पर डाली गई पोस्ट में कहा गया कि  जुल्म जब भी हद से आगे बढ़ने लगता है, वहीं से बदलाव का सूरज निकलने लगता है। जंतर-मंतर पर बच्चों और बच्चियों के साथ जिस प्रकार का बर्बरतापूर्ण व्यवहार किया गया, उसने मन को गहराई तक झकझोर दिया। मैंने जलियांवाला बाग का वह दौर नहीं देखा, लेकिन आज जो दृश्य सामने आए, उन्होंने इतिहास के उस काले अध्याय की याद अवश्य दिला दी। लोकतंत्र में अपनी बात शांतिपूर्ण ढंग से रखना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। यदि उस अधिकार का उत्तर बल प्रयोग से दिया जाए, तो यह केवल कुछ लोगों पर नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी आघात है। इसी पीड़ा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के संकल्प के साथ, मैं संसद भवन परिसर में बाबा साहेब की प्रतिमा के नीचे धरने पर बैठ रहा हूँ। जब तक न्याय सुनिश्चित नहीं होता और इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध उचित कार्रवाई नहीं होती, मेरा यह शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रहेगा।

# भीम आर्मी का 11वां स्थापना दिवस मनाया



**नगीना ( चिंगारी )।** मंगलवार की दोपहर धामपुर मार्ग स्थित एक  बैंकेट हाल के सभागार में भीम आर्मी ( भारत एकता मिशन ) का 11वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं से एकजुटता के साथ पार्टी व संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भीम आर्मी के संस्थापक व आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद पूरे देश भर में हर  उस व्यक्ति की आवाज को धार देने का काम कर रहे हैं, जिसकी आवाज सत्ता के अहंकार में सरकार दबाने का काम कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए मजबूती के साथ कमर कसने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की ताकत के बल पर ही सत्ता मिलती है,इसलिए सभी को संगठन की ताकत को  अच्छी तरह समझना होगा।इस मौके पर प्रदेश सचिव आरिफ मलिक,साहिल मेहरा,सांसद प्रतिनिधि रोहित सागर, जिला उपाध्यक्ष विपिन  गुथलिया, रजनीश वाल्मीकि, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष प्रशांत महासागर, जिला प्रभारी दीपक कुमार सिंह, जितेंद्र राणा, सरफराज मलिक, शेख परवेज पाशी, धर्मेंद्र कुमार, मौलाना अतीकुरहमान, लोकेश सागर, रामकुमार आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने 13 जुलाई को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उमेश निवासी ग्राम प्रेमपुरी ने उसकी नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस के द्वारा तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई थी। पीड़ित बालिका के बयान दर्ज कर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मुकदमे में पोक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई। थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने कांस्टेबल इमरान के साथ वांछित चल रहे अभियुक्त उमेश पुत्र तारा सिंह निवासी प्रेमपुरी को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

**Requirement**

A Full time/Part time Pathologist (MBBS M.D Path) required. Intersted candidates contact in following number

Contact no. 9897789516

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद ( बिजनौर )**

**अधिसूचना अंतर्गत धारा-147( 2 )यू.पी. म्यु एक्ट 1916**

समस्त प्रभावितों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती सबरीना पुत्री स्व0 श्री शराफत मौहल्ला मुनीरगंज तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में नगरपालिका परिषद के कर सम्बन्धी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में श्रीमती फिरदौस जहां पत्नी स्व0 श्री शराफत पुत्री श्री युसुफ नजीबाबाद जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतू रजिस्टर्ड वारिसान व शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र दिया है। अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा। विवरण सम्पत्ति सं:-499/1 मौहल्ला मुनीरगंज नगर व तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी, न.पा. परिषद, नजीबाबाद**

**सूचना**

**मैने अपने नाम की स्पेलिंग ( KAMARUDDIN ) से बदलकर ( KAMRUDDIN ) रख ली है। भविष्य में मुझे इसी नाम व स्पेलिंग ( KAMRUDDIN ) से जाना जाये।**

**-कमरूद्दीन पुत्र श्री सिराजुद्दीन , निवासी हाउस न.-612 ग्राम व, पोस्ट भागूवाला तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर उ.प्र.**

**आवश्यकता है**

**R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL**

**(C.B.S.E. Patteran An English Medium)**

ग्राम फतेहपुर कलां, बिजनौर को कक्षा एक से कक्षा 8 तक सभी विषयों हेतु अध्यापक/अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तुरंत सम्पर्क करें। वेतन योग्यतानुसार। स्टाफ के लिये आने व जाने की सुविधा।

मो. 8394838034, 8954568123, 9359888044






# कांवड़ मार्गों पर स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच, 13 नमूने लिये

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने चलाया विशेष अभियान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर जनपद में आमजन एवं कांवड़ यात्रियों को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने विशेष अभियान चलाकर व्यापक जांच एवं प्रवर्तन कार्रवाई की।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में विभागीय टीम ने जनपद के विभिन्न कांवड़ मार्गों पर स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य कारोबारियों को स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। टीम ने विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 13 नमूने संग्रहित कर जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला भेजे।

अभियान के दौरान तहसील चांदपुर क्षेत्र से मावे के पांच, मिश्रित दूध और चमचम के एक-एक नमूने लिए गए। तहसील बिजनौर से तैयार चाय, नगर पालिका नजीबाबाद क्षेत्र से मावा, तहसील नगीना से मैकरोनी, घेवर एवं बेसन तथा तहसील धामपुर से ब्रिटानिया न्यूट्रीचॉइस बिस्कुट का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। सभी नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने खाद्य कारोबारियों से खाद्य सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करने और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की अपील की।



## कुट्टू के आटे को लेकर किया गया जागरूक

**अभियान के दौरान विभागीय टीम ने खाद्य कारोबारियों को कुट्टू के आटे के संबंध में भी जागरूक किया। कारोबारियों को पुराने अथवा खुले कुट्टू के आटे की बिक्री नहीं करने के निर्देश दिए गए। विभाग के अनुसार उच्च प्रोटीन युक्त होने के कारण कुट्टू के आटे में नमी और फफूंद लगने की संभावना अधिक रहती है। पैक्ड कुट्टू के आटे का उपयोग निर्धारित वैधता अवधि में, विशेषकर पैकिंग के सात दिनों के भीतर करने की सलाह दी गई। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने स्पष्ट किया कि जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा। मिलावट करने और खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।**

धारा मोटर
फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ
और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# 27 जुलाई तक बाहों पर काली पट्टी बांधकर काम करेंगे डाक कर्मचारी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर बिजनौर डाक कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर बाहों पर पट्टी बांधकर कार्य किया। सरकार द्वारा कर्मचारी विरोधी नीतियों, लक्ष्य के नाम पर कर्मचारियों का उत्पीड़न, निजीकरण एवं विभागीय समस्याओं के विरोध में भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ के तत्वावधान में राष्ट्रव्यापी आंदोलन किया जा रहा है, जिसका बिजनौर डाक कर्मचारियों ने समर्थन करते हुए आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का संकल्प लिया। मंडल अध्यक्ष विनय भटनागर के नेतृत्व में समस्त कर्मचारियों ने बाहों पर पट्टी बांधकर कार्य किया। महासंघ के आह्वान पर 20 जुलाई से 27 जुलाई तक काली पट्टी लगाकर कार्य किया जाएगा। 28 जुलाई को मंडलीय कार्यालय पर गेट मीटिंग करना, उसके बाद 5 अगस्त को एक दिवसीय हड़ताल की जाएगी। विनय भटनागर ने बताया कि इस पर भी अगर सरकार नहीं चेती तो 18 अगस्त को अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन निर्भन सिंह ने किया। आंदोलन में मंडल अध्यक्ष विनय भटनागर, सचिव शकील अहमद खान, कोषाध्यक्ष दिनेशचंद्र सेन, अर्जुन सिंह, कुमारी निशा, डॉली तोमर, रेनू श्रीवास्तव, विवेक शर्मा, अनिल वर्मा, यशपाल सिंह, आनंद सैनी, इकबाल अहमद, दुष्यंत कुमार सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# लाखों की चोरी का खुलासा, महिला सहित दो गिरफ्तार

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** लगभग एक माह पूर्व हुई लाखों रुपये की चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक महिला सहित दो आरोपियों को हिरासत में लेते हुए उनके कब्जे से चोरी का माल बरामद करने का दावा किया है। 25 जून को नगर के मोहल्ला नेजोसराय निवासी दिलशाद पुत्र वजीर अहमद की तहरीर पर घर की अलमारी से सोने के आभूषण, विदेशी मुद्रा और नकदी चोरी होने के संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस जांच के दौरान नौशाद पुत्र हफीज उर्फ टिम्मा निवासी मोहल्ला मझोली कस्बा अफजलगढ़, एक महिला व सलमान पुत्र शमीम निवासी मोहल्ला छत्ता बंगला, कस्बा व थाना थानाभवन, जनपद शामली के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 अंगूठियां, 1 चेन, 1 जोड़ी झुमके सहित कई जेवर सहित 55 सऊदी रियाल, 81,970 रुपये बरामद करने का दावा किया है। सलमान मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।




# जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता होगी 26 को

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला एथलेटिक्स संघ, बिजनौर के तत्वावधान में जिला स्तरीय एक दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 26 जुलाई को नजीबाबाद स्थित इंपीरियल इंटरनेशनल स्कूल में किया जायेगा। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों के लिये विभिन्न प्रकार की खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया जायेगा। जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव ओमराज सिंह एवं उपाध्यक्ष कपिल राणा ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिये किया जायेगा। इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. अंजना राजपूत ने कहा कि खेल प्रतियोगितायें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता के माध्यम से जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें बेहतर मंच प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है।



कपिल राणा

# गुलदार ने नहीं मारा, मुआवजे के लालच में बेटे ने की मां की हत्या

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुला राज

## शरीर पर मिले 30 से 35 चोटों के निशान, गर्दन की हड्डी और छह पसलियां टूटीं

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )**। जिस मां ने नौ महीने अपनी कोख में रखकर बेटे को जन्म दिया, उसे चलना सिखाया और जीवनभर उसका सहारा बनी रही, उसी मां की उसके ही छोटे बेटे ने कथित तौर पर गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या को छिपाने के लिए आरोपी ने गुलदार के हमले की झूठी कहानी रच दी। पांच लाख रुपये के मुआवजे के लालच में की गई इस वारदात का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हुआ तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

घटना हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम अजुपुरा जट्ट की है। सोमवार शाम गांव निवासी 70 वर्षीय बीरो देवी पत्नी स्वर्गीय मुन्ने सिंह अपने छोटे बेटे बहाल सिंह उर्फ मनीराम के साथ पशुओं के लिए चारा लेने जंगल गई थी। कुछ समय बाद खबर फैली कि गुलदार ने उन पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई और मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ आक्रोश जताते हुए अधिकारियों से तीखी नोकझोंक भी की।

घटना को गुलदार का हमला मानते हुए वन विभाग ने भी तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। चांदपुर रेंज के रेंजर दुष्यंत मावी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने घटनास्थल के आसपास पिंजरा लगवाया और ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी शुरू कर दी। पूरे क्षेत्र में गुलदार की तलाश की जाने लगी।

वहीं, मौके पर पहुंचे चांदपुर तहसीलदार ओमकार सिंह ने मृतका के परिजनों को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाने की घोषणा की। मृतका के बेटे मनीराम के लिखित आश्वासन मिलने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## आरोपी बेटा गिरफ्तार



आरोपी कलयुगी पुत्र

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से आया नया मोड़

मंगलवार शाम पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद पूरे मामले का रुख बदल गया। रिपोर्ट में सामने आया कि बीरो देवी की मौत किसी वन्य जीव के हमले से नहीं, बल्कि गला दबाने से हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार मृतका के शरीर पर छोटी-बड़ी करीब 30 से 35 चोटों के निशान मिले। उनकी गर्दन की हड्डी टूटी हुई थी और छह पसलियों में भी फ्रैक्चर पाया गया।



पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मृतका के छोटे बेटे बहाल सिंह उर्फ मनीराम को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपी ने कथित तौर पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उसका और उसकी मां का आए दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। घटना वाले दिन भी खेत पर दोनों के बीच विवाद हुआ था। इसी दौरान उसने अपनी मां की गला दबाकर हत्या कर दी और बाद में घटना को गुलदार के हमले का रूप देने की कोशिश की। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पांच लाख रुपये के मुआवजे की राशि हासिल करने के लालच में हत्या को वन्य जीव के हमले के रूप में पेश किया।

### आरोपी की पत्नी भी सदमे में

घटना के बाद आरोपी की पत्नी डोली भी गहरे सदमे में है। उसने बताया कि उसके पति अक्सर परिवार को लेकर समझदारी से रहने की बात कहते थे। उसे कभी अंदाजा नहीं था कि उसका पति इतना भयावह कदम उठा सकता है। डोली ने बताया कि उनके परिवार में 11 वर्षीय बेटी और चार वर्षीय बेटा है।

### बड़े बेटे की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा

मृतका के बड़े बेटे रूपचंद ने थाने में तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्राधिकारी चांदपुर देश दीपक ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर घटना के संबंध में पूछताछ की गई है। पूछताछ में आरोपी द्वारा पांच लाख रुपये के मुआवजे के लालच में घटना को अंजाम देने की बात सामने आई है। मृतका के बड़े बेटे की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

इस घटना ने क्षेत्र में वन्य जीवों के हमले के नाम पर होने वाली संदिग्ध मौतों की जांच को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संदिग्ध मौतों का ठीकरा वन्य जीवों पर डाल दिया जाता है, क्योंकि वे अपनी सफाई नहीं दे सकते। अजुपुरा जट्ट की घटना ने यह स्पष्ट कर दिया कि वैज्ञानिक जांच और ठोस साक्ष्यों के बिना किसी भी घटना को लेकर जल्दबाजी में निष्कर्ष निकालना कितना गंभीर परिणाम दे सकता है।

फिलहाल, अजुपुरा जट्ट से लेकर हीमपुर दीपा के बाजार और चाय की दुकानों तक



इस घटना की चर्चा है। जिस मां ने अपने बेटे को जन्म देकर जीवन दिया, उसी की हत्या के आरोप में बेटे की गिरफ्तारी ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है। अब क्षेत्र की निगाहें पुलिस की आगे की कार्रवाई और अदालत में होने वाली कानूनी प्रक्रिया पर टिकी हैं।

### वन्य जीवों पर झूठा आरोप लगाने वालों पर होगी कार्रवाई- रेंजर

पोस्टमार्टम के दौरान मौजूद बिजनौर रेंज के रेंजर महेश गौतम ने बताया कि मृतका के शरीर पर 30 से 35 चोटों के निशान मिले हैं। गर्दन की हड्डी टूटने के साथ छह पसलियां भी टूटी हुई थीं। उन्होंने कहा कि किसी भी हत्या की घटना को बेजुबान वन्य जीव पर थोपने का प्रयास करने वाले व्यक्ति को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच से घटना की वास्तविकता सामने आ जाती है।

## गैंगस्टर के दो अभियुक्तों को तीन-तीन साल की सजा

**बिजनौर ( चिंगारी )**। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अलका चौधरी ने दो गैंगस्टर को तीन-तीन वर्ष कठोर कारावास और दस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सलीम अख्तर के अनुसार नगीना थाने में तैनात थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह को रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 16 जून 2007 को अपने साथ पुलिस बल के साथ गश्त पर थे। उन्हें जानकारी हुई कि जेपी नगर के थाना अमरोहा निवासी धर्मेंद्र पुत्र कारण सिंह, बिजनौर के बढ़ापुर थाने के कदीर उर्फ इकबाल पुत्र मुन्ना और मुरादाबाद के मंझोला थानांतर्गत जयंतीपुर निवासी शकील पुत्र रफी ने एक संगठित गिरोह बना रखा है। इनके आतंक के कारण क्षेत्र में भय का माहौल है। अपराध करके अवैध धन इकट्ठा करते हैं।

इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अलका चौधरी ने अभियुक्त धर्मेंद्र और कदीर उर्फ इकबाल पर गैंगस्टर के तहत अपराध सिद्ध होने पर तीन-तीन वर्ष कठोर कारावास और 5-5 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। जबकि अभियुक्त शकील की पत्रावली अलग कर दी गई।

M D COLLEGE BIJNOR
A CO-EDUCATIONAL INSTITUTION
APPROVED & AFFILIATED TO CENTRAL & STATE GOVERNMENT APEX BODY
Courses Offered
Professional Courses: D. Pharma, B.Sc. (Microbiology), BCA, B.Com. (Computer), BBA, B.A. LL.B., LL.B.
Traditional Courses: B.A., B.Sc. (ZBC), B.Com.
Eligibility: Eligibility to all the courses is as per the directives of the U.P. Government.
College Of Pharmacy, Management, Science, Commerce, Law & Arts
Admission Open


Head Office: Near Chamunda Mandir, Jatan, Bijnor-246701 (U.P.)
01342-262272 9412217505/506/507/508
www.pharmacymdcollege.com, www.srct-mdbijnor.com, pharmacymdcollege@gmail.com, lawmdcollege@gmail.com, bjosrct@gmail.com, bijnormdc@gmail.com

# कॉकरोच पार्टी के संसद मार्च हिंसा मामले में 10 एफआईआर

## बंगाल से दिल्ली लाए जा रहे 2 हजार जवान



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के प्रदर्शन का आज 33वां दिन है। जंतर-मंतर पर आज सुबह से हजारों प्रदर्शनकारी जुटे हैं। इनमें 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान पुलिस की लाठियों, आंसू गैस के गोलों का शिकार हुए लोग भी शामिल थे।

इधर दिल्ली पुलिस ने 20 जुलाई को CJP के संसद मार्च के दौरान हुई हिंसा मामले में 10 FIR दर्ज की हैं। इनमें संसद मार्ग थाने में 4, कनॉट प्लेस में 3 और मंदिर मार्ग, बाराखंभा रोड और कर्तव्य पथ थानों में एक-एक FIR दर्ज हुई है। प्रदर्शनकारियों पर RAF जवानों पर जानलेवा हमला, पथराव, तोड़फोड़ और सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप हैं। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह मंगलवार देर रात गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में सोनम वांगचुक से मिले। वांगचुक 28 जून से अनशन पर हैं और दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देश पर उन्हें मंगलवार को सफदरजंग अस्पताल से मेदांता में भर्ती कराया गया है।



जंतर-मंतर पर हजारों प्रदर्शनकारियों ने पूरी रात खुले आसमान के नीचे बिताई। आजसुबह कई लोग जमीन पर सोते और गर्मी से राहत के लिए पंखा झलते दिखे।

## दिल्ली में प्रदर्शन और हिंसा : डिजिटल सुरागों पर पुलिस की पैनी नजर



### कथित चैट से कड़ियां जोड़ने में जुटीं टीमें

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** कॉकरोच जनता पार्टी के चलो संसद मार्च के दौरान हुई हिंसा की जांच में दिल्ली पुलिस ने एक नया मोड़ लिया है। पुलिस प्रदर्शनकारियों के कुछ कथित चैट संदेशों और एक सीक्रेट एप के इस्तेमाल की पड़ताल कर रही है। यह जांच उन संदेशों पर केंद्रित है, जिनमें संभावित इंटरनेट बंदी की स्थिति में संपर्क बनाए रखने की तैयारी और आंदोलन के लिए जान देने जैसी बातें कही गईं हैं। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जांचकर्ता किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले इन कथित चैट संदेशों की प्रामाणिकता और उनमें शामिल व्यक्तियों की पहचान का सत्यापन किया जा रहा है। पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही है कि सामने आए संदेश वास्तविक हैं और किसी गलत सूचना या दुष्प्रचार का हिस्सा। एक वरिष्ठ पुलिस सूत्र ने बताया कि कुछ कथित संदेशों में इंटरनेट सेवाएं बाधित होने की स्थिति में संपर्क बनाए रखने और प्रदर्शन के दौरान सूचनाओं के आदान-प्रदान के वैकल्पिक तरीकों पर चर्चा की गई है। यह दर्शाता है कि प्रदर्शनकारियों ने संभावित इंटरनेट शटडाउन के लिए पहले से ही योजना बनाई थी। पुलिस को जांच में पता लगा है कि समूह चैट उस समय के आसपास की है जब हिंसा हुई थी। पुलिस के अनुसार, इस हिंसा में 118 पुलिसकर्मी और 70 प्रदर्शनकारी घायल हुए थे। इसके अलावा 15 से 20 सरकारी वाहनों को भी नुकसान पहुंचा था। एक संदेश में कहा गया है कि प्रदर्शन स्थल पर पहुंचने के बाद फोन में नेटवर्क नहीं हो सकता है, जैसा कि पिछली बार भी हुआ था।

## सोनम वांगचुक और जेपी नड्डा के बीच एक घंटे चली बैठक



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन और मांगों के बीच केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह ने मेदांता अस्पताल पहुंचकर अनशन पर बैठे सोनम वांगचुक से मुलाकात की। मंत्रियों ने वांगचुक से मिलकर उनका हाल जाना और उन्हें बताया कि सरकार संसद में इस मुद्दे पर चर्चा कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। सूत्रों के मुताबिक, जेपी नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह ने वांगचुक के साथ एक घंटे से भी ज्यादा समय तक बातचीत की। सरकार ने सोनम वांगचुक को भरोसा दिलाया है कि देश के एजुकेशन सिस्टम में जरूरी बदलाव लाने के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही, मंत्रियों ने वांगचुक से अपील की कि वो छात्रों से सरकार पर भरोसा बनाए रखने और आगे कोई भी उग्र कदम न उठाने की अपील करें। सूत्रों की मानें तो मेदांता अस्पताल जाने से पहले केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। दोनों नेताओं के बीच 4 घंटे से भी ज्यादा समय तक बैठक चली थी। दूसरी तरफ, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विरोध प्रदर्शन को लेकर भी बड़ी जानकारी सामने आई है। सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी ने संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू से बात की थी। इस बातचीत के दौरान रिजिजू ने बताया कि जितेंद्र सिंह ने जो प्रस्ताव रखा है, उसके मुताबिक सरकार संसद में चर्चा की मांग पर सहमत हो गई है। हालांकि, सूत्रों का दावा है कि इसके बाद राहुल गांधी ने अपना रुख बदल दिया। उन्होंने कहा कि ये उनका फैसला है कि अब वो सबसे पहले शिक्षामंत्री का इस्तीफा चाहते हैं। बाद में राहुल गांधी ने अपनी मांगों का दायरा बढ़ाते हुए गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग भी जोड़ दी।

# किसानों का दिल्ली कूच स्थगित, दो मांगों पर सहमति बनी

## हरियाणा में बॉर्डर सील

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** अमेरिका-भारत फ्री ट्रेड डील के विरोध में पंजाब और हरियाणा के किसानों ने मंगलवार का प्रस्तावित दिल्ली कूच और किसान घाट महापंचायत फिलहाल स्थगित कर दी। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर पुलिस की सख्ती तथा हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के साथ हुई बैठक के बाद किसान लौट गए, जिससे दोनों बॉर्डरों पर ट्रैफिक भी सामान्य हो गया।

कुरुक्षेत्र पुलिस ने किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी समेत हिरासत में लिए गए नेताओं को रिहा कर दिया। भारतीय किसान यूनियन ने बताया कि रिहाई और केंद्र सरकार से वार्ता कराने पर सहमति बनने के बाद आंदोलन स्थगित करने का फैसला लिया गया। हालांकि, CJP के संसद घेराव के मद्देनजर हरियाणा के पंजाब, दिल्ली और यूपी से लगे बॉर्डरों पर सुरक्षा कड़ी रही। कई जिलों में किसान नेताओं और CJP समर्थकों को नजरबंद या हिरासत में लिया गया। अंबाला के शंभू बॉर्डर पर 27 जुलाई तक धारा 163 लागू है, जबकि कुंडली-सिंघु बॉर्डर पर सुबह लंबा जाम लगा और जांच के बाद ही दिल्ली में प्रवेश दिया गया। उधर, दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर सोनम वांगचुक को सफदरजंग अस्पताल से गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल शिफ्ट किया गया है। अस्पताल के बाहर पुलिसफोर्स तैनात की गई है।



## कुंडली-सिंघु बॉर्डर पर चार किमी. लंबा जाम

# अखिलेश यादव के समर्थन में दिल्ली पहुंचे सपा जिलाध्यक्ष हनी फैसल व दीपक सैनी डिटेन




## छात्रों के समर्थन में मार्च के दौरान पुलिस कार्रवाई



## बिजनौर में कई सपा नेताओं को किया गया हाउस अरेस्ट, प्रवक्ता अखलाक पप्पू और शहजाद अंसारी भी डिटेन







**बिजनौर ( चिंगारी )**। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में छात्रों के अधिकारों और उनके न्यायपूर्ण संघर्ष के समर्थन में प्रधानमंत्री आवास की ओर किए गए मार्च के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा उन्हें डिटेन किए जाने के बाद समाजवादी कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता दिल्ली की सड़कों पर पहुंच गए। लाल टोपी पहने कार्यकर्ताओं की भीड़ से पूरा इलाका लाल नजर आया।



इसी आंदोलन में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हनी फैसल अपने समर्थकों के साथ दिल्ली पहुंचे। उनके साथ पार्टी के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी दीपक सैनी भी पूरे आंदोलन के दौरान सक्रिय रहे। दोनों नेताओं ने छत्रसाल स्टेडियम पहुंचकर अखिलेश यादव के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए विरोध दर्ज कराया। पुलिस ने हनी फैसल और दीपक सैनी को भी अन्य सपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ डिटेन कर लिया। देर रात करीब 11 बजे सभी को रिहा कर दिया गया।

जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा छात्रों, युवाओं और आम जनता की आवाज बनकर खड़ी रही है। लोकतांत्रिक अधिकारों को दबाने की किसी भी कोशिश का पार्टी शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देगी।

उधर, जिलाध्यक्ष हनी फैसल के डिटेन होने की सूचना मिलते ही बिजनौर जनपद में समाजवादी कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी दिल्ली कूच करने की तैयारी में जुट गए। प्रशासन ने स्थिति को देखते हुए कई वरिष्ठ सपा नेताओं एवं पदाधिकारियों को उनके आवासों पर हाउस अरेस्ट कर दिया, ताकि वे दिल्ली के लिए रवाना न हो सकें। हाउस अरेस्ट किए गए नेताओं में अहमद खिजर खान, प्रभा चौधरी, कमलेश भुइयार, महमूद कस्सार, ठाकुर योगेंद्र सिंह, राहुल सिंह, कृपा रानी प्रजापति, अखलाक पप्पू, शहजाद अंसारी, रफीक अंसारी, नहटौर के सपा नगर अध्यक्ष डॉ. लुकमान, जिला पंचायत सदस्य सरिता सैनी और अनुज मलिक व सत्यपाल प्रधान शामिल रहे।

इधर, दिल्ली में छात्रों के धरने में शामिल होने जा रहे सपा जिला प्रवक्ता अखलाक पप्पू और शहजाद अंसारी को भी गाजियाबाद के मोहननगर बॉर्डर पर पुलिस द्वारा डिटेन किए जाने की जानकारी सामने आई। बताया गया कि दोनों को मोहननगर चौकी ले जाया गया। सपा नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को डिटेन किए जाने की कार्रवाई को निंदनीय बताते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया।

सपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि जिलाध्यक्ष हनी फैसल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिस साहस, अनुशासन और संघर्षशीलता का परिचय दिया है, उससे संगठन का मनोबल बढ़ा है। नूरपुर से प्राप्त समाचार के अनुसार समाजवादी महिला प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष डॉ. कुंतेश सैनी को पुलिस ने उनके समर्थकों के साथ हाउस अरेस्ट कर लिया। कुंतेश सैनी ने कहा कि चंद कार्यकर्ताओं को डिटेन करने से आंदोलन को दबाया नहीं जा सकता।



# एएसपी सिटी के कथित दुर्व्यवहार से नाराज किसान दूसरे दिन भी धरने पर

## भाकियू टिकैत के किसानों ने कहा-समस्याओं के समाधान तक नहीं होगी घर वापसी, प्रशासन पर लगाया डराने-धमकाने का आरोप

**बिजनौर ( चिंगारी )**। एएसपी सिटी केजी सिंह के कथित दुर्व्यवहार से नाराज भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) से जुड़े किसानों का कलेक्ट्रेट में अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। किसानों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता, तब तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। बताया गया कि भाकियू ने विभिन्न समस्याओं को लेकर गत दिवस जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया था। इसके बाद किसानों ने कलेक्ट्रेट में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया था। इस दौरान किसानों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन डीएम जसजीत कौर को सौंपा था। क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान को लेकर एडीएम के नेतृत्व में जिले के कई अधिकारियों के साथ किसानों की वार्ता भी हुई, लेकिन वार्ता विफल रहने के बाद किसानों ने धरना जारी रखने का निर्णय लिया।



किसानों का आरोप है कि रात के अंधेरे में एएसपी सिटी केजी सिंह धरना स्थल पर पहुंचे और किसानों को धमकाया। एएसपी के कथित दुर्व्यवहार से नाराज किसानों ने इसके बाद किसी भी अधिकारी से वार्ता करने से इनकार कर दिया। दूसरे दिन भी किसान कलेक्ट्रेट में धरने पर डटे रहे। सुबह धरनास्थल पर किसानों ने चाय, बिस्कुट और जलेबी से नाश्ता किया।

वहीं, प्रशासन की ओर से किसानों को मनाने और वार्ता के प्रयास किए जा रहे हैं। जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने कहा कि अब भारतीय किसान यूनियन की कोर कमेटी इस मामले में निर्णय लेगी और प्रशासन की कथित तानाशाही का जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा उन्हें डराने-धमकाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि समस्याओं का समाधान होने तक किसान घर वापस नहीं लौटेंगे। धरने पर जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान के अलावा बाबूराम तोमर, मुकेश जंघाला, कोमन सिंह, राजेंद्र सिंह, मोनू प्रधान, अमित चौहान, रजनीश अहलावत, गौरव जंघाला, संदीप त्यागी, नीतू चौधरी, कविराज सिंह, डॉ. विजय सिंह, पंकज शेरावत, प्रमोद कुमार, आशु चौधरी समेत अन्य किसान मौजूद रहे।

# कार्रवाई : यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 120 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित

**बिजनौर (चिंगारी)।** जनपद में यातायात नियमों का लगातार उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने सख्त कार्रवाई तेज कर दी है। सड़क सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बार-बार नियम तोड़ने वाले, नशे की हालत में वाहन चलाने वाले तथा सड़क दुर्घटनाएं करने वाले चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस और वाहनों के पंजीकरण के निलंबन की कार्रवाई की जा रही है। यातायात पुलिस के अनुसार पांच या उससे अधिक बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 7,170 वाहनों के पंजीकरण के निलंबन की प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा 239 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए जाने के लिए सक्षम अधिकारी को रिपोर्ट भेजी गई है।

उपसंभागीय परिवहन अधिकारी की ओर से 21 जुलाई 2026 तक 120 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए जा चुके हैं। शेष मामलों में नियमानुसार कार्रवाई जारी है। यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वाहन चलाते समय सभी यातायात नियमों का पालन करें। दोपहिया वाहन पर हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं तथा शराब पीकर वाहन चलाने से बचें। पुलिस ने चेतावनी दी है कि नियमों का बार-बार उल्लंघन करने पर जुर्माने के साथ ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन का पंजीकरण भी निलंबित या निरस्त किया जा सकता है।




## चैकिंग अभियान चलाकर 46 वाहनों के चालान

यातायात पुलिस ने मंगलवार को जिलेभर में सघन चैकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने, मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, हूटर और फर्जी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर विशेष नजर रखी गई। कुल 46 वाहनों के चालान किए गए, जबकि एक वाहन को सीज किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शहर के प्रमुख चौराहों और संवेदनशील मार्गों पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की जांच की गई। कार्रवाई के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 16 चालकों, मॉडिफाइड साइलेंसर वाले सात वाहनों, फर्जी नंबर प्लेट लगे 11 वाहनों तथा प्रेशर हॉर्न और हूटर का इस्तेमाल करने वाले 11 वाहनों के चालान किए गए। जांच के दौरान आवश्यक दस्तावेज नहीं मिलने और नियमों के गंभीर उल्लंघन पर एक वाहन को मौके पर ही सीज कर दिया गया।

## कांवड़ यात्रा को लेकर रिफ्लेक्टर टेप अभियान

**कांवड़ यात्रा को देखते हुए यातायात पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने का अभियान भी चलाया। पुलिसकर्मी विभिन्न चौराहों और तिराहों पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में रिफ्लेक्टर टेप लगाकर चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रहे हैं। यह अभियान कांवड़ यात्रा के दौरान प्रतिदिन जारी रहेगा।**

## नियमों का पालन करने की अपील

**यातायात पुलिस ने लोगों से शराब पीकर वाहन न चलाने, दोपहिया वाहन पर हेलमेट और कार में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने तथा वाहनों में अवैध मॉडिफिकेशन से बचने की अपील की है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।**




## विरोध का एक तरीका यह भी...

**20 जुलाई को दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के आह्वान पर हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस के बर्बर लाठीचार्ज का देश भर में विरोध हो रहा है। विपक्षी दलों के साथ-साथ अन्य संगठन व लोग अपने-अपने ढंग से विरोध कर रहे हैं। इन दो युवतियों ने विरोध यह तरीका अपनाया, जिसके बहुत गहरे मायने हैं। बशर्ते सत्ता के अहंकार में चूर लोग इसे समझें।**

# फुलसंदा वाले बाबा के दरबार में धूमधाम से मनाया जायेगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**नहटौर (चिंगारी)।** गुरुगद्दी दरबार फुलसंदा में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 27 से 29 जुलाई तक तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव होगा, जिसके लिए 27 जुलाई से ही उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों से श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो जाएगा। इसे देखते हुए आश्रम प्रबंधन और सेवादार दिन-रात व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटे हैं।



आश्रम परिसर में श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन, पेयजल, पार्किंग, सफाई और प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए अलग-अलग व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सेवादारों को सौंपी गई है। आश्रम परिसर की साफ-सफाई के साथ मार्गों को भी व्यवस्थित किया जा रहा है। आश्रम के व्यवस्थापक अग्नि देवता ने बताया कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव आश्रम का प्रमुख धार्मिक आयोजन है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुरु पूजन और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए पहुंचते हैं। 27 जुलाई से श्रद्धालुओं का आगमन प्रारंभ होगा, जबकि 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के दिन मुख्य गुरु पूजन एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि महोत्सव के सफल आयोजन के लिए पुलिस, स्वास्थ्य, परिवहन, विद्युत तथा अन्य संबंधित विभागों से सहयोग मांगा गया है। सभी विभागों के समन्वय से सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## डॉ. ललिता चौधरी बनीं मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्या

**बिजनौर (चिंगारी)।** डॉ. ललिता चौधरी को मेडिकल कॉलेज बिजनौर का प्रधानाचार्या नियुक्त किया गया है। इस पद पर डॉ. तुहिन वशिष्ठ कार्यवाहक प्रधानाचार्य के रूप में कार्य कर रहे थे। डॉ. ललिता चौधरी राजकीय मेडिकल कॉलेज मेरठ से स्थानान्तरित होकर यहां आई हैं।

# सत्यवीरा डिग्री कॉलेज का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत

**बिजनौर (चिंगारी)।** प्रसिद्ध कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज का महात्मा ज्योतिबाफुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा संचालित बी.कॉम. ऑनर्स द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक प्राप्त किए, जिससे महाविद्यालय में हर्ष और गौरव का वातावरण है।



तनीषा अग्रवाल | तृषा सिंह | वंशिका शर्मा | सुहानी चौधरी

परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान-तनीषा अग्रवाल (72.60 प्रतिशत), द्वितीय स्थान तृषा सिंह, वंशिका शर्मा (72.00 प्रतिशत) तथा तृतीय स्थान-सुहानी चौधरी (70.40 प्रतिशत) ने प्राप्त किया। अन्य अनेक विद्यार्थियों ने भी प्रथम श्रेणी एवं उत्कृष्ट अंकों के साथ सफलता शत-प्रतिशत अर्जित कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया।

महाविद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य प्रो.(डॉ.) महेंद्र सिंह कौरव ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उत्कृष्ट परिणाम विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है।

बी.कॉम. विभाग के विभागाध्यक्ष प्रीतम सैनी एवं समस्त प्राध्यापकों प्रिय शर्मा, काजल एवं अनुज कुमार ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत



**नहटौर (चिंगारी)। शाहजहांपुर से देहरादून जा रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मंगलवार को नियाजउद्दीन अली 36 वर्ष पुत्र अशफाक अली निवासी मोहल्ला नजरपुर कस्बा में थाना तिलहर जिला शाहजहांपुर बाइक द्वारा देहरादून जा रहा था। नूरपुर रोड़ पर ग्राम खंडसाल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के ससुर गुलजार अली ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।**

# जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पौधारोपण करेगी भाकियू-अ की पर्यावरण आर्मी

## कमिश्नर आंजनेय कुमार ने पौधे वितरित कर अभियान का किया शुभारंभ, हर पौधे की डिजिटल निगरानी और संरक्षण का लिया संकल्प



**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) के पदाधिकारी जनपद की सभी 1123 ग्राम पंचायतों में एक-एक पौधा लगाकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी संभालेंगे। कल यहां एक बैंक्वेट हॉल में भाकियू अराजनीतिक एवं आर्ट ऑफ लिविंग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुरादाबाद मंडलायुक्त आंजनेय कुमार ने किसानों को पौधे वितरित कर अभियान की शुरुआत की। इसके बाद मंडलायुक्त ने इंदिरा पार्क पहुंचकर पौधारोपण भी किया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी जसजीत कौर सहित विभिन्न अधिकारी एवं किसान नेता मौजूद रहे। भाकियू अराजनीतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर सिंह ने कहा कि जिले की सभी 1123 ग्राम पंचायतों में पौधारोपण किया जाएगा। इसके लिए पर्यावरण आर्मी गठित की गई है, जो पौधों का संरक्षण तब तक करेगी, जब तक वह पौधा वृक्ष का रूप नहीं ले लेता। प्रत्येक पौधे की डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से निगरानी की जाएगी और हर माह उसकी फोटो ऐप पर अपलोड की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत से एक कार्यकर्ता को पर्यावरण आर्मी में शामिल कर पौधे के रोपण के साथ उसके पालन-पोषण की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### पीपल और बरगद के पौधों पर रहेगा जोर

भाकियू अराजनीतिक के जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही ने कहा कि संगठन की ओर से प्रतिवर्ष जनपद में बड़े स्तर पर पौधारोपण किया जाता है। इस बार अभियान को डिजिटल माध्यम से और मजबूत बनाया गया है। उन्होंने बताया कि पीपल और बरगद के पौधे तैयार कर उन्हें उचित स्थानों पर लगाया जाएगा। प्रत्येक पौधे के संरक्षण और विकास की निगरानी पर्यावरण आर्मी के सदस्य करेंगे।

### खेत और जमीन नहीं, किसान अपना हुनर बेचें- कमिश्नर

जीवांश कार्बन की समस्या को लेकर आयोजित गोष्ठी में मंडलायुक्त आंजनेय कुमार ने किसानों से कहा कि किसान अपना खेत और जमीन न बेचें, बल्कि अपना हुनर बेचें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बेहतर सड़क और बाजार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे किसान अपनी फसल बड़े बाजार तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने किसानों से खेती छोड़कर जमीन की प्लॉटिंग करने की प्रवृत्ति से बचने की अपील की। मंडलायुक्त ने कहा कि यदि जमीन नहीं बचेगी तो भोजन भी नहीं मिलेगा। पेट भोजन से भरेगा, मोबाइल और रील से नहीं।

### मिलकर करना होगा पौधों का संरक्षण- डीएम

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि किसान यूनियन की ओर से उन्हें अक्सर धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन देने के कार्यक्रमों में बुलाया जाता है, लेकिन इस प्रकार के सकारात्मक कार्यक्रम में पहली बार आमंत्रित किया गया है। उन्होंने पौधारोपण अभियान को किसानों की अच्छी पहल बताते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनका संरक्षण भी जरूरी है। सभी को मिलकर पौधों की देखभाल करनी होगी, तभी पृथ्वी को हरा-भरा बनाया जा सकेगा।

### कमिश्नर को सौंपा मांगों से संबंधित ज्ञापन

कार्यक्रम के दौरान दिगंबर सिंह, जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही सहित किसानों ने मंडलायुक्त आंजनेय कुमार को विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गंगा एक्सप्रेस-वे के मद्देनजर जिले में जमीनों के सर्किल रेट बढ़ाने और किसानों को न्यायोचित मुआवजा दिलाने, अफजलगढ़ ब्लॉक के मौजा रानी नांगल की सीज खतौनी खोलने, धामपुर तहसील में कच्ची जमीनों के पट्टों के आवंटन के नाम पर अवैध वसूली रोकने एवं निष्पक्ष कार्रवाई करने की मांग की गई। इसके अलावा मद्दू माइनर के लिए अधिग्रहित भूमि के लंबित मुआवजे का भुगतान कराने तथा जनपद में गुलदार के हमलों से किसानों की हो रही मौतों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग भी की गई।

### इन्होंने भी संबोधित किया

कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही, अरविंद सिंह, कुलदीप सिंह, समरपाल सिंह, आलोक नागर, ओमप्रकाश सिंह, मेहर सिंह, अजय कुमार, तेजवीर सिंह, नौबहार सिंह, उदयवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, सरदार इकबाल सिंह, राहुल जवान और आशीष लोहिया आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर अतुल बालियान, डैनी जटलान, शुभम, शिवम बालियान, राकेश चौधरी, प्राशु राणा, विशाल, राकेश प्रधान समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बलराम सिंह ने की, जबकि संचालन नितेंद्र प्रधान एवं गय्यूर आसिफ ने संयुक्त रूप से किया।

# पत्नी के हत्यारे को उम्रकैद की सज़ा

## 55 हजार का जुर्माना भी हुआ

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अतिरिक्त विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट लोकेश नागर ने पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या करने वाले पति निजामुद्दीन को आजीवन काराकास एवं 55 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की धनराशि में से 20 हजार रुपए मृतका की बहन को प्रतिकर के रूप में दिलाये जाने के आदेश दिए हैं।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मुकेश चौहान के अनुसार कोतवाली शहर थानांतर्गत ग्राम पेदा निवासी रिहाना पत्नी नौशाद ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बहन इसराना पत्नी निजामुद्दीन निवासी बुल्ला का चौराहा थाना कोतवाली शहर अपने पति से मनमुटाव होने के कारण अलग रह रही थी। निजामुद्दीन ने अपनी पत्नी रिहाना को 2 नवंबर 2024 को फैसला करने के लिए बुलाया। इसराना ने रिहाना को भी अपने घर बुला लिया था। सुबह 4 बजे इसराना के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी तो रिहाना ने देखा कि निजामुद्दीन अपनी पत्नी इसराना पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर रहा था। निजामुद्दीन ने रिहाना को अलग कमरे में बंद कर दिया था। रिहाना ने शोर मचाकर बचाने की गुहार लगाई, लेकिन निजामुद्दीन ने नहीं सुनी और मारता रहा। इसराना की मौके पर ही मौत हो गई। उसके बाद निजामुद्दीन ने भी जहर खा लिया, जिसे पुलिस ने आकर गिरफ्तार करके अस्पताल में भर्ती कराया, ठीक होने पर जेल भेज दिया।

इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट लोकेश नागर ने अभियुक्त निजामुद्दीन को अपनी पत्नी की क्रूरता से हत्या करने का अपराध सिद्ध पाकर भारतीय न्याय संहिता की धार 103 (1) के तहत आजीवन कारावास और 50 हजार रुपए अर्थदंड तथा आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 के तहत तीन वर्ष कठोर कारावास और पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# रेंज कार्यालय की छत पर चढ़कर किया आत्महत्या का प्रयास

## वनकर्मियों पर लगाया मारपीट का आरोप



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** वनकर्मियों पर चाचा के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए युवक ने रेंज कार्यालय की छत पर चढ़कर आत्महत्या का प्रयास किया है। जानकारी के अनुसार कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला ग्राम (ढेला रेंज) निवासी शिव गिरि और वन गुर्जर नन्दू जंगल किनारे जलौनी लकड़ी लेने जंगल गए थे। बताया जाता कि इस दौरान उन्होंने चार छोटे यूकेलिप्टस के पेड़ काट लिए। जिसके बाद एक वन आरक्षी और दो दैनिक कर्मी उन्हें पकड़कर ढेला चौकी ले आए, जहां वन अधिनियम के तहत उनका चालान कर उनसे जुर्माना वसूल किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वनकर्मियों द्वारा उनके साथ मारपीट की गयी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। बताया जाता है कि इसके बाद शिव गिरि का भतीजा चंदन गिरि पेट्रोल लेकर ढेला रेंज ऑफिस की छत पर चढ़ गया और आत्महत्या की धमकी देने लगा। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण रेंज कार्यालय पहुंच गए। इस दौरान ग्रामीणों ने आरोपी वनकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और उन्हें निलंबित करने की मांग की। पुलिस वनाधिकारी और जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे। युवक को बमुश्किल समझाकर नीचे उतारा गया। इस संबंध में कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के पार्क वार्डन बिंदर पाल ने बताया कि मामले की जांच के निर्देश दे दिए गए हैं।

# कांवड़ यात्रा को लेकर हुई समन्वय गोष्ठी

## यूपी व उत्तराखण्ड के अधिकारी शामिल हुए

**नांगल सोती (चिंगारी)। मंगलवार को उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर के गेस्ट हाउस स्थित सभागार में श्रावण मास की कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत बिजनौर तथा सीमावर्ती जनपदों के अधिकारियों की समन्वय गोष्ठी आयोजित की गयी।**

गोष्ठी में जनपद बिजनौर के पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा उत्तराखंड के सीमावर्ती जनपदों उधम सिंह नगर एवं पौड़ी गढ़वाल तथा यूपी के जनपदों मुजफ्फरनगर, मेरठ, मुरादाबाद, अमरोहा के अधिकारी शामिल हुए। समन्वय गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी जसजीत कौर तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने कहा कि कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, निर्विघ्न और शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिये सीमावर्ती जिलों के अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर रखें। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि कांवड़ यात्रा को व्यवस्थित रूप से संचालित करना और निर्विघ्न एवं सुरक्षित बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी कांवड़ यात्रा के दौरान अलर्ट मोड पर रहें और यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने में अपनी पूर्ण क्षमता से सहयोग दें। गोष्ठी में वाहनों के रूट डायवर्जन पर विशेष रूप से विस्तृत चर्चा हुई। कांवड़ यात्रा के सकुशल संचालन तथा यातायात व्यवस्था को लेकर भी लंबी चर्चा हुई। सड़क सुरक्षा पर चर्चा करते हुए कांवड़ यात्रा को एक्सीडेंट फ्री बनाने पर जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने कहा कि सभी जनपदों के अधिकारियों ने रूट डायवर्जन को लेकर अपने मन में उपजी चिंताओं को समन्वय गोष्ठी में रखा। सभी चिंताओं का समाधान किया गया। गोष्ठी में एएसपी (पूर्वी) अमित किशोर श्रीवास्तव, एएसपी (ग्रामीण) प्रकाश कुमार, एसडीएम नजीबाबाद शैलेन्द्र कुमार सिंह, सीओ नजीबाबाद आकांक्षा गौतम, सीओ चांदपुर देश दीपक सिंह सहित कई सीओ, 17 थानों के एसएचओ, बिजनौर के यातायात प्रभारी रवि नैन सहित अन्य जनपदों के यातायात प्रभारी मौजूद रहे। पीडब्ल्यूडी और परिवहन विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।



समन्वय गोष्ठी को संबोधित करते जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक।

### 28 जुलाई से होगा रूट डायवर्जन

*पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने बताया कि 28 जुलाई से भारी वाहनों का तथा 30 जुलाई से हल्के वाहनों का रूट डायवर्जन किया जायेगा। समन्वय गोष्ठी में रूट डायवर्जन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई है। सामान्य रूप से चलने वाली बसें किस रूट से जायेंगी, सामान्य लोकल व्हीकल्स का ट्रैफिक कहां से जायेगा और हैवी व्हीकल्स किधर से जायेंगे, इन मुद्दों पर जिनके जो कंसर्नस थे, उनका समाधान किया गया है। कांवड़ यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाना तथा बिना किसी बाधा के शांतिपूर्वक सम्पन्न कराना प्रशासन का लक्ष्य है।*

# दो युवतियां लापता

## आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**नांगल सोती (चिंगारी)।** क्षेत्र से दो युवतियां गायब हो गईं। दोनों के पिता ने आरोपियों को नामजद करते हुए अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में कहा है कि उसकी पुत्री को विगत 19 जुलाई की रात्रि में अमन पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम रंजीतपुर (उत्तराखंड) तथा उसका साथी मनोज बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गये हैं। मनोज से इस बारे में पूछा गया, तो वह दबंगई दिखाते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है, जबकि एक अन्य गांव के व्यक्ति ने पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में कहा है कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री 19 जुलाई को पूर्वाह्न 11 बजे खेतों पर पशुओं का चारा लेने के लिये गयी थी। कई घंटे बाद भी जब वह वापस नहीं लौटी, तो तलाश शुरू की गई। जानकारी करने पर पता लगा कि गौरव पुत्र विजय निवासी ग्राम तिसोतरा थाना नांगल उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी ने बताया कि युवतियों की बरामदगी के लिये पुलिस टीमें प्रयासरत हैं। जल्द ही युवतियों को बरामद कर लिया जायेगा।

# हाईवे पर अधूरे कार्य पूर्ण करने के निर्देश



## विधायक मनोज पारस ने एनएच अफसरों के साथ किया निरीक्षण

**किरतपुर (चिंगारी)।** नगीना विधायक मनोज पारस ने कल दोपहर नेशनल हाईवे पर अधूरे पड़े निर्माण कार्यों का राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) अधिकारियों के साथ भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को लंबित कार्य शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। विधायक मनोज पारस ने बताया कि बिजनौर से किरतपुर आने वाले मार्ग पर दो स्थानों पर निर्माण कार्य अधूरा है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने एनएच अधिकारियों से जनहित को देखते हुए कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने को कहा। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने विधायक को अवगत कराया कि कई रोडवेज बसें किरतपुर बस स्टैंड पर प्रवेश नहीं कर रही हैं। चालक बसों को हाईवे से ही निकाल देते हैं और रुचि वीरा परिसर के सामने यात्रियों को उतारकर आगे बढ़ जाते हैं। इससे विशेषकर महिलाओं, बच्चों और रात्रि के समय यात्रा करने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विधायक मनोज पारस ने कहा कि बस स्टैंड पर रोडवेज बसों का नियमित संचालन सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र समाधान कराया जाएगा। इस अवसर पर एनएच अधिकारी निखिल कुमार, शेख जियाउद्दीन उर्फ बबलू, नगीना विधानसभा अध्यक्ष शेख जाहिद हुसैन, इकरार नेता, सभासद ऑफिस रईस अहमद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# परीक्षा परिणाम घोषित

**हल्दौर (चिंगारी)।** गहलौत कॉलेज हल्दौर का बीए, बीएससी व बीकॉम के तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। कॉलेज प्रशासन के अनुसार बीए तृतीय वर्ष में नीतू 75 प्रतिशत प्रथम, सत्यम कुमार 74.8 प्रतिशत द्वितीय व तुषार कश्यप 80 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जबकि बीएससी तृतीय वर्ष की परीक्षा में काव्याश्री 79.5 प्रतिशत प्रथम, माही शर्मा 75.5 प्रतिशत द्वितीय व इति राठी 74.3 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीकॉम तृतीय वर्ष की परीक्षा में डोली 70.9 प्रतिशत प्रथम, प्रियांशी 70.8 प्रतिशत द्वितीय व अश्वनी कुमार 69.7 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्रशासन ने उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# ऑनलाइन ठगी : युवक के खाते से उड़ाये 45 हजार

**नूरपुर (चिंगारी)।** डिजिटल ठगी का एक मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने मोहल्ला कबीरनगर निवासी सतविंदर सिंह सनी के पंजाब एंड सिंध बैंक खाते से 45 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित के अनुसार सोमवार सुबह उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को बैंक अधिकारी बताया और खाते की जानकारी के नाम पर डिटेल ले ली। कुछ ही देर में मोबाइल पर बैक-टू-बैक मैसेज आए और खाते से 45 हजार रुपये कटने का पता चला। घटना के बाद सनी तुरंत थाने पहुंचे और तहरीर दी। थाना प्रभारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के लिए साइबर क्राइम सेल को भेज दिया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि बैंक के नाम पर आने वाले कॉल और ओटीपी किसी से साझा न करें।


## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र सुहेल जो मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करता है तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं है। इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करता है तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा।

**- तौफीक पुत्र कलवा, निवासी ग्राम मुर्तजापुर बुलाकी उर्फ पेदा, जिला बिजनौर।**


# जौहर यूनिवर्सिटी को न तोड़ा जाये

**नूरपुर (चिंगारी)।** समाजवादी आंदोलन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अकबर नबी इदरीसी ने कार्यकर्ताओं के साथ जिला मुख्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में रामपुर की मौलाना मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी के 38 भवनों को ध्वस्त/तोड़ने संबंधी आदेश पर तत्काल रोक लगाने एवं यूनिवर्सिटी की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि यह विषय हजारों विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा उनके परिवारों के भविष्य से जुड़ा हुआ है। उच्च शिक्षण संस्थान किसी भी समाज की अमूल्य धरोहर होते हैं। किसी यूनिवर्सिटी के विरुद्ध की जाने वाली कोई भी कार्रवाई विधिसम्मत, पारदर्शी विद्यार्थियों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए की जानी चाहिए। यदि किसी प्रकार का कानूनी विवाद या प्रशासनिक मुद्दा है, तो उसका समाधान न्यायिक एवं संवैधानिक प्रक्रिया के अनुसार किया जाना चाहिए, न कि ऐसी कार्रवाई के माध्यम से जिससे शिक्षा व्यवस्था और छात्रों का भविष्य प्रभावित हो। ज्ञापन देने वालों में उनके साथ डाक्टर वसीम सिद्दीकी, मुकुल चौधरी, मुस्तफा इदरीसी, सुनील कुमार चौधरी आदि मौजूद रहे।



# राइज अलॉन्ग फाउंडेशन चेरिटेबिल ट्रस्ट द्वारा

## सिसौना में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** राइज अलॉन्ग फाउंडेशन चेरिटेबिल ट्रस्ट ग्राम सिसौना जट में महिला सशक्तिकरण, सामाजिक-आर्थिक जागरूकता एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

ट्रस्ट समाज के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। इसी क्रम में ग्राम सिसौना जट, किरतपुर की महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से उनके अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, सरकारी योजनाओं तथा सामाजिक जागरूकता के प्रति प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी कुलरंजन चौधरी के निर्देशन एवं सहयोग से आयोजित किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन सुश्री ज्योति द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य जागरूकता एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर डॉ. प्रमोद चौधरी एवं शिवानी चौधरी के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें ग्रामीण महिलाओं एवं अन्य ग्रामवासियों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, प्राथमिक स्वास्थ्य जांच तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका, शिक्षा का महत्व, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के विभिन्न उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। ट्रस्ट द्वारा भविष्य में भी महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक उत्थान के लिए ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

# अच्छे स्वास्थ्य के लिये स्वच्छता आवश्यक - श्यामल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रेडियो संदेश बिजनौर ने हेमराज कॉलोनी जहां मुख्य रूप से बंगाली समाज निवास करता है, वहां पर बरसात के मौसम में होने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में उनसे बचाव और क्या सावधानियां बरती जा सकती हैं, जिससे कि अपने को स्वस्थ रखा जा सके, के बारे में बताया। रेडियो टीम सदस्य श्यामल मंडल ने प्राइमरी विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि व्यक्तिगत स्वच्छता सबसे अधिक आवश्यक है, अपने नाखूनों की सफाई नियमित रूप से करें, स्नान अवश्य करें, साफ सुथरे कपड़े पहनें। इसके अलावा आजकल वाटर बोर्न डिसीज़ बहुत हो जाती है, जैसे मलेरिया, मियादी बुखार, एलर्जी, डिहाईड्रेशन आदि इन सबसे बचाव के लिए अपने आसपास पानी का भराव न होने दें, नहीं तो उसमें मच्छर के लार्वा उत्पन्न हो जाते हैं और वो अनेक बीमारियों के जनक होते हैं। इस अवसर पर अवनीश भारद्वाज, सविता यादव, नर्गिस काफी, राखी जैन, प्रिया अग्रवाल, सोना मंडल, छाया मालिक, सपना ढली, संध्या शील, प्रेरणा, ममता पाल आदि अनेक ग्रामीण एवं शिक्षक-शिक्षकाएं उपस्थित रहे।



# कुत्ते को उठा ले गया गुलदार

**किरतपुर ( चिंगारी )।** पास के गांव कुम्हड़ा में कुत्ते को गुलदार द्वारा पकड़कर ले जाते देखा गया, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई। चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुम्हड़ा के मायास्वरुप शर्मा का घर व घेर एक ही जगह है, रात लगभग 10 बजे दीवार फांदकर गुलदार आया तो कुत्ता जोर-जोर से भौंकने लगा तभी मायास्वरूप के लड़के ने देखा कि गुलदार कुत्ते को खींचकर जंगल में ले जा रहा है। पता चलने पर काफी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। गांव वालों की सूचना पर वन रक्षक दीपक कुमार व राजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। पद चिह्नों की पहचान कर बताया कि यह गुलदार के पंजों के ही निशान हैं। गांव के ही भाजपा के किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य चौधरी अवनीश निर्वाल ने बताया कि गुलदार काफी दिनों से देखा जा रहा है जिससे गांव वालों में दहशत व्याप्त है।

# बास्केट बॉल की टीमें नोएडा के लिये रवाना



**बिजनौर ( चिंगारी )।** आज प्रातः 7.00 बजे बिजनौर जनपद की 16 वर्ष तक की बालक एवं बालिकाओं की बास्केटबॉल टीमें उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम, बिजनौर की बस द्वारा 24वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रस्थान कर गईं। यह प्रतियोगिता 22 से 28 जुलाई 2026 तक गलगोटिया कॉलेज, ग्रेटर नोएडा में आयोजित की जाएगी। बिजनौर जनपद का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमें इस प्रकार हैं – बालक वर्ग संचित गोस्वामी(कप्तान), दिव्यनं सिंह, विराट दुहन, मोहम्मद अजीजुद्दीन असलम(डीपीएस, बिजनौर), जतिन कुमार सिसोदिया(दी हैज़लमून स्कूल,चांदपुर), दीपेश कुमार, प्रशांत कुमार(आरआर मोरारका पब्लिक स्कूल, नजीबाबाद), शिवा कुमार, दीपक चौहान (सेंट मेरिस इंटर कॉलेज, नूरपुर), परमीत सिंह, प्रांजल तायल, हम्ज़ा असीम(सेंट मेरिस स्कूल, नजीबाबाद) बालिका वर्ग मनस्वी(कप्तान), शताक्षी वशिष्ठ, यशस्वी सिंह, अनन्या भारद्वाज(डीडीपी एस,बिजनौर), आसमा परवीन, यशिका(डीपीएस,बिजनौर), आराध्य आर्य, गुरुशरण कौर(सेंट मेरिस स्कूल, नगीना), नंदिता परमार, वैष्णवी सिंह, संस्कृति त्यागी, आर्निका राजपूत (आरआर मोरारका पब्लिक स्कूल, नजीबाबाद) दोनों टीमों को विदाई और शुभकामनाएं देने के लिए बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन की ओर से योगेश्वर त्यागी(सचिव) एवं भारी संख्या में खिलाड़ियों के अभिभावक उपस्थित रहे।

# जूता व्यापारी का आकस्मिक निधन



फाइल फोटो

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** स्थानीय जूता व्यापारी एवं पश्चिम उत्तर उद्योग व्यापार मंडल के नगर कोषाध्यक्ष आफताब आलम अंसारी (53 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया। कोतवाली देहात निवासी आफ़ताब आलम अंसारी को दिन पूर्व ब्रेन हेमरेज हो गया था। गत रात्रि उनका इंतकाल हो गया। आफताब आलम एक मिलनसार, व्यवहार कुशल जूते के व्यापारी थे तथा व्यापार मंडल से काफी समय से जुड़े हुए थे।

# हनी तोमर के जन्मदिन पर सांसद चंदन ने काटा केक



हनी तोमर के जन्मदिन पर केक काटते सांसद चंदन चौहान।

**चांदपुर ( चिंगारी )।** सांसद चंदन चौहान ने केक काटकर युवा राष्ट्रीय लोकदल रुहेलखण्ड के क्षेत्रीय अध्यक्ष हनी तोमर का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर सांसद चंदन चौहान ने हनी तोमर का मुंह मीठा कराया तथा राजनीति में बहुत आगे जाना का आशीर्वाद भी दिया। युवा रालोद नेता हनी तोमर ने अपने जन्मदिन पर केक काटकर अपना प्यार व आशीर्वाद लेने के लिए सांसद चंदन चौहान का आभार जताया।

# शक्ति मित्तल ने बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** भाजपा नेता शक्ति भारद्वाज मित्तल ने 'हर गांव-हमारा गांव' अभियान के तहत ग्राम इस्माईलपुर में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने गांव के बुजुर्गो के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। स्थानीय नागरिकों ने शक्ति भारद्वाज मित्तल का तिलक लगाकर एवं फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर शक्ति भारद्वाज मित्तल ने ग्रामीणों द्वारा दिए गए स्नेह, सम्मान एवं आत्मीय स्वागत के लिए सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया। जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों ने गांव के विकास, मूलभूत सुविधाओं, स्थानीय समस्याओं एवं महत्वपूर्ण सुझावों को खुले मन से साझा किया। शक्ति भारद्वाज मित्तल ने सभी विषयों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए निरंतर प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि चांदपुर विधानसभा की जनता अब परिवर्तन चाहती है, क्षेत्र को एक युवा, शिक्षित एवं ऊर्जावान नेतृत्व की आवश्यकता है, जो क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान कर सके। ग्रामीणों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि चांदपुर विधानसभा के लोग अब ऐसे जनप्रतिनिधि को देखना चाहते हैं, जो युवाओं की आकांक्षाओं, क्षेत्र की समस्याओं और विकास की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझ सके।

# मंत्री बनकर भी ज़मीन से जुड़े रहे चौ. तेजपाल सिंह

## आज पुण्यतिथि पर विशेष

मुहम्मद अजमल

**चांदपुर (चिंगारी)।** विधानसभा क्षेत्र चांदपुर का अपना अलग ही जलवा रहा है। यहां से नरदेव सिंह ने तीन बार निर्दलीय चुनाव जीतकर हेट्रिक बनाई। वहीं क्षेत्रवासी 1993 में हुए चुनाव को आज भी याद करते हैं। इस चुनाव में चौ. तेजपाल सिंह ने निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी तथा पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह की पुत्री ज्ञानवती सिंह की जमानत जब्त हो गई थी।

चांदपुर क्षेत्र से 1989 में जनता दल से विधायक बने चौ. तेजपाल सिंह वर्ष 1993 में हुए विधानसभा चुनाव में जनता दल से टिकट मांग रहे थे, लेकिन पार्टी ने पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह की पुत्री ज्ञानवती सिंह को उम्मीदवार बना दिया था। अपनी सादगी व सरल स्वभाव के लिए क्षेत्र में लोकप्रिय चौ. तेजपाल सिंह का टिकट काट दिये जाने से क्षेत्रवासियों में रोष था। चौ. तेजपाल सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पर्चा दाखिल कर दिया। कई दिग्गज नेता ज्ञानवती का चुनाव लड़ रहे थे। तेजपाल सिंह 37540 वोट पाकर विजयी रहे। इस चुनाव में 1991 में भाजपा सरकार में मंत्री रहे डा. अमर सिंह 37148 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे। बसपा-सपा गठबंधन के प्रत्याशी जमील अहमद 25007 मत पाकर तीसरे, निर्दलीय स्वामी ओमवेश 20485 मत पाकर चौथे, जनता दल प्रत्याशी ज्ञानवती सिंह 15797 पाकर पांचवें स्थान पर रही।



### पिता का नाम रोशन कर रहे हैं दोनों पुत्र

**पूर्व मंत्री चौ. तेजपाल सिंह के बड़े पुत्र डा. नीरज चौधरी बिजनौर के प्रसिद्ध चिकित्सक होने के साथ साथ राजनीति में भी सक्रिय हैं। वे वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में बिजनौर से रालोद के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं, जबकि उनके छोटे पुत्र पंकज चौधरी की गिनती जनपद के प्रमुख व्यवसियों में होती है। पंकज चौधरी सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी रहते हैं।**

### जीत का रिकॉर्ड बनाया

**1989 में हुए विधानसभा चुनाव में पहली बार विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतरे चौ. तेजपाल सिंह (जनता दल) ने रिकार्ड 83815 मत प्राप्त किये, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी बसपा प्रत्याशी पूर्व विधायक अमीरूद्दीन बादशाह को 51252 वोट मिले। इस चुनाव में चौ. तेजपाल सिंह ने रिकार्ड 32563 वोट से जीत हासिल की थी।**

### नगरवासियों को विश्वास में लिया

1990 में बिजनौर में दंगा हुआ, तब चौ. तेजपाल सिंह ने सड़क पर उतरकर लोगों से आपसी सद्भाव बनाए रखने की अपील की, यहां के लोगों ने आपसी भाईचारा कायम रखा।

### बसपा सरकार में मंत्री रहे चौ. तेजपाल सिंह

वर्ष 1995 में चौ. तेजपाल सिंह बसपा सरकार में मंत्री बने, उस समय उन्होंने बहुत कार्य किया, जिसके लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है।

### अपने सरल स्वभाव के लिए जाने जाते थे चौ. तेजपाल सिंह

**विधायक व तत्कालीन बसपा सरकार में मंत्री बनने के बाद भी चौ. तेजपाल सिंह में किसी तरह का बदलाव नहीं आया। वे हमेशा की तरह मंत्री रहते हुए भी आम लोगों के बीच में बैठते थे तथा जो भी अपनी समस्या लेकर उनके पास आता वे उसकी समस्या का समाधान कराते थे।**

# प्राइमरी शिक्षकों के लिए विशेष टीईटी कराने के निर्देश जारी



**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। राज्य में पहले से सेवा दे रहे (इन-सर्विस) शिक्षकों के लिए अब अलग से विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा (विशेष TET) का आयोजन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश शासन ने इस संबंध में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग से कार्ययोजना और प्रस्ताव मांगा है। शासन के इस फैसले से प्रदेश के लगभग 1.80 लाख (1.86 लाख) कार्यरत शिक्षक सीधे तौर पर प्रभावित हो रहे हैं, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नौकरी और प्रोन्नति में बने रहने के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य हो गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने परिषदीय शिक्षकों के अंतर्जनपदीय तबादलों को लेकर दिए गए निर्देश के क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग ने दंपती शिक्षकों के लिए आवेदन की तिथि पांच अगस्त तक बढ़ा दी है। बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा को निर्देश दिया है कि न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में शासनादेश से आच्छादित शिक्षक व शिक्षिकाओं को आवेदन के लिए पांच अगस्त तक का समय दिया जाए। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग के पोर्टल पर सूचना जारी करते हुए सभी जिलों के शिक्षकों को सूचित करें। बता दें कि दंपती शिक्षकों के तबादले को लेकर हुए कुछ कनफ्यूजन के कारण कुछ शिक्षक आवेदन करने से शेष रह गए हैं।

# फिंगर टिप्स पर 50 पुश-अप लगाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

-नितिन दिनेश कौशिक

## कादराबाद के राजन कम्बोज ने किया नाम रोशन

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम कादराबाद निवासी युवा एथलीट राजन कम्बोज ने अपनी असाधारण शारीरिक क्षमता, वर्षों के कठिन परिश्रम और अनुशासित अभ्यास के दम पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर देश, प्रदेश और क्षेत्र का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।




जानकारी के अनुसार राजन ने 1 मिनट में 40 पाउंड (लगभग 18.14 किलोग्राम) अतिरिक्त वजन के साथ एक पैर हवा में उठाकर केवल हाथों की उंगलियों (फिंगर टिप्स) के बल सर्वाधिक 50 पुश-अप्स लगाकर यह विश्व रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कराया। यह उपलब्धि बेहद कठिन मानी जाती है, क्योंकि इसमें पूरे शरीर का संतुलन केवल उंगलियों के सहारे बनाए रखना पड़ता है और साथ ही अतिरिक्त वजन के कारण चुनौती कई गुना बढ़ जाती है।

राजन कम्बोज ने बताया कि इस विश्व रिकॉर्ड को बनाने का सपना उन्होंने काफी समय पहले देखा था। इसके लिए उन्होंने लगातार कई महीनों तक विशेष अभ्यास किया और शारीरिक क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ तकनीकी नियमों का भी गहन अध्ययन किया। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2025 में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए आधिकारिक रूप से आवेदन किया था। आवेदन स्वीकार होने के बाद गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उन्हें रिकॉर्ड प्रयास की अनुमति प्रदान की गई।

उन्होंने बताया कि पूर्व निर्धारित तिथि और समय के अनुसार 15 मार्च 2026 को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से अधिकृत अधिकारी एवं निर्धारित तकनीकी व्यवस्था के बीच ग्राम कादराबाद में ही रिकॉर्ड का आधिकारिक (ऑफिशियल) अटेम्प्ट कराया गया। इस दौरान रिकॉर्ड से संबंधित सभी अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन कराया गया। प्रयास के दौरान पूरे प्रदर्शन की वीडियो रिकॉर्डिंग, समय मापन, अतिरिक्त वजन की जांच तथा अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरी की गई। सभी साक्ष्यों का परीक्षण और सत्यापन किए जाने के बाद 9 जुलाई 2026 को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से राजन कम्बोज को आधिकारिक रूप से रिकॉर्ड स्वीकृत (अप्रूव) होने की सूचना प्राप्त हुई।



गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रमाण-पत्र के साथ राजन कम्बोज।

**एक पैर हवा में रखते हुए केवल फिंगर टिप्स के सहारे 40 पाउंड अतिरिक्त वजन के साथ एक मिनट में 50 पुश-अप्स लगाना अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य है। इस उपलब्धि के लिए उन्हें लंबे समय तक नियमित अभ्यास, कड़ी मेहनत, मानसिक एकाग्रता और शारीरिक अनुशासन बनाए रखना पड़ा। राजन कम्बोज की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों, खेल प्रेमियों और युवाओं ने इसे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताते हुए राजन को बधाई दी।**

# बिजनौर में मल्टी स्पेशियलिटी एपेक्स हॉस्पिटल का शुभारंभ कल




**डॉ. नितिन गोयल का यह भी प्रयास रहता है कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आनन-फानन में जिला मुख्यालय के चक्कर न काटने पड़े, जिसको लेकर उन्होंने नूरपुर में भी दो वर्ष पूर्व एपेक्स मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल की स्थापना की थी, जहां पर रोगियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण इलाज सफलता पूर्वक किया जा रहा है।**

APEX HOSPITAL

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कल दिनांक 23 जुलाई बृहस्पतिवार को जनपदवासियों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नयी सौगात मिलने जा रही है। 50 बेड के अत्याधुनिक मल्टी स्पेशियलिटी एपेक्स हॉस्पिटल के रूप में। हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर एवं प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. नितिन गोयल (एमबीबीएस, एमडी) ने बताया कि हॉस्पिटल का शुभारंभ जनपद के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में दोपहर 12 बजे किया जायेगा।

मंडावर रोड पर जिला अस्पताल के पास स्थित एपेक्स हॉस्पिटल के शुभारंभ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती गायत्री गोयल एवं श्रीमती नीता सिंह होंगी। डॉ. नितिन गोयल ने बताया कि हॉस्पिटल में सभी अत्याधुनिक सुविधाओं विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के साथ मरीजों को आईसीयू मॉड्यूलर ओटी जनरल वार्ड व पैथोलॉजी लैब आदि उत्कृष्ट सेवायें प्रदान की जायेंगी। डॉ. गोयल ने कहा कि हॉस्पिटल की स्थापना के पीछे हमारा उद्देश्य है कि मरीजों को सस्ती व उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवायें सुलभ कराना रहा है।

## मंत्रियों से मिले डॉ. नितिन गोयल



जनपद में बेहतर चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु पिछले दिनों डॉ. नितिन गोयल ने अपनी टीम के साथ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री बृजेश पाठक तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री कपिल अग्रवाल से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर डॉ. नितिन गोयल ने जनपद में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी दी। दोनों मंत्रियों ने डॉ. नितिन गोयल द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों तथा जनपद में बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिये आवश्यक सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# निसार एडवोकेट की पुत्री सबा नाज़ ने बार एग्जामिनेशन में की सफलता हासिल

### परिवार व अधिवक्ताओं में हर्ष का माहौल



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं बार संघ के पूर्व अध्यक्ष निसार अहमद एडवोकेट की होनहार पुत्री सबा नाज़ ने ऑल इंडिया बार एग्जीमिनेशन में शानदार सफलता हासिल कर एक बार फिर अपना व परिवार का नाम रोशन किया है। सबा नाज़ की इस उल्लेखनीय सफलता से उसके परिवार व अधिवक्ताओं में हर्ष व गर्व का माहौल है। स्थानीय मौहल्ला मुगलूशाह निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता निसार अहमद एडवोकेट ने बताया कि उनकी पुत्री सबा नाज़ शुरू से ही शिक्षा के क्षेत्र में आगे रहते हुए अपना, परिवार व स्कूल-कॉलेजों का नाम रोशन कर चुकी है। सबा नाज़ ने उच्च शिक्षा ग्रहण करने के बाद बीएएलएलबी कर एक अच्छी अधिवक्ता बनने की इच्छा जाहिर की थी, जिसके बाद सबा नाज़ ने अधिवक्ता के लिए प्रैक्टिस करने को अब ऑल इंडिया बार एग्जीमिनेशन में भी सफलता हासिल कर ली है। सबा नाज़ अपने पिता की तरह एक अच्छी अधिवक्ता बनकर पीड़ित लोगों को न्याय प्रक्रिया के तहत न्याय दिलाना चाहती है। उल्लेखनीय है कि सबा नाज़ पूर्व में बुंदकी स्थित नॉर्थ इंडिया कॉलेज में बीएएलएलबी में सभी सैमिस्टरों में लगातार प्रथम स्थान प्राप्त कर नाम रोशन कर चुकी है। नॉर्थ इंडिया कॉलेज की ओर से बीएएलएलबी के सभी सैमिस्टरों में टॉपर रहने पर सम्मानित किया जा चुका है। सबा नाज़ के ऑल इंडिया बार एग्जीमिनेशन में सफलता हासिल करने पर उसके परिवार व नगर के अधिवक्ताओं ने खुशी जताते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना कर उसे तरक्की के लिए दुआओं से नवाज़ा है।

## कार्यशाला में शिक्षकों को दी रुचिकर शिक्षण के संबंध में जानकारी



नजीबाबाद (चिंगारी)। साहनपुर गिरदावा में शैक्षिक कार्यशाला के माध्यम से शिक्षक/शिक्षिकाओं को रुचिकर शिक्षण के संबंध में जानकारी दी गई। बेसिक शिक्षा के विभागीय अधिकारियों के आदेश पर शिक्षा में नवाचार तथा बच्चों को रुचिपूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से न्याय पंचायत पुरनपुर गढ़ी के प्राथमिक विद्यालय गिरदावा साहनपुर में शैक्षिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन ने सहायक शिक्षण सामाग्री तथा गतिविधियों के माध्यम से रुचिपूर्ण शिक्षा पर बल दिया। संकुल प्रभारी महेंद्र सिंह ने समय पालन तथा नामांकन पर चर्चा की। कार्यशाला में मुकेश शर्मा, ममता कालरा, सविता शर्मा, ग़ज़ाला परवीन, धर्मेंद्र राजपूत आदि शिक्षक/शिक्षिका उपस्थित रहे।

# जलालाबाद में नवनिर्मित नाला तोड़कर बंद करने से कस्बावासियों में आक्रोश



नजीबाबाद (चिंगारी)। कस्बा जलालाबाद के मौहल्ला पासवान में पूर्वी छोर पर रहने वाले लोगों के अनुरोध पर नगर पंचायत द्वारा पानी की निकासी के लिए नाले का निर्माण कराया गया था, जिसे मोहल्ले के दो युवकों द्वारा तोड़कर बंद करने से घरों के पानी के निकासी बंद हो गई तथा घरों के सामने पानी भर गया, कारण बच्चों की जान पर खतरा बना हुआ है। नाले का पानी बंद हो जाने के बाद एक स्थान पर बने जोहड़े को कुछ लोगों द्वारा अपनी आरजी बताते हुए नाले को तोड़ कर बंद करने की धमकी दी है। कस्बावासियों ने नगर पंचायत जलालाबाद की चेयरपर्सन से इस संबंध में सम्पर्क स्थापित किया। जिनकी राय पर नाले हेतु 20 गज जगह ली गई। शहबाज आलम पुत्र अनीस अहमद निवासी मुबारकपुर कल्हेड़ी ने पानी की समस्या के समाधान के लिए करीब 60 फिट जमीन नाला बनवाने हेतु दी। जिसकी सूचना नगर पंचायत की चेयरपर्सन ने दी है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अनूप कुमार व जेई ने नाले हेतु दी गयी जगह का निरीक्षण कर नाले की खुदाई के लिए जेसीबी मशीन भेज दी है। इस तरह नाले का निर्माण शुरू होने के बाद लोगो ने राहत की सास ली। क्षेत्र के लोगों ने पुलिस प्रशासन से आगे नाला तोड़ने व बंद करने की समस्या का उचित समाधान करने की गुहार लगाई है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## आवश्यकता है


**मंगला हास्पिटल मे कार्य करने हेतु प्रशिक्षित एवं अनुभवी Nursing Staff की ( Male/Female )**

**वेतन योग्यता अनुसार**

**मंगला हॉस्पिटल**
**शक्ति चौक, बिजनौर**

**संपर्क : सवेरे 11बजे से सांय 4 बजे तक**

खुल गया! खुल गया!




## श्री लाइट



सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans




## सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476




## रफ़ीक़ अंसारी को हाउस अरेस्ट करने के बाद उनके बेटे ने दिया ज्ञापन



नजीबाबाद (चिंगारी)। वरिष्ठ सपा नेता हाजी रफ़ीक़ अंसारी को हाउस अरेस्ट करने के बाद उनके आदेश पर उनके पुत्र आतिफ़ अंसारी के नेतृत्व में उनके समर्थकों ने तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी को राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम जौहर यूनिवर्सिटी व दिल्ली के जंतर मंतर पर चल रहे प्रदर्शन के बारे में ज्ञापन दिया। इस मौक़े पर समाजवादी पार्टी के नेता फुरकान ख़ान, अख्तर एडवोकेट, सलीम एडवोकेट, अबरार अंसारी, हाजी शमशाद, हाफिज शकील, प्रेमचंद शर्मा, नईम अंसारी, अनीस अहमद, तारिक अंसारी, सरदार कुलविंदर सिंह, अफ़ज़ल कुरैशी, कामिल कुरैशी, फरहान अब्दुल्ला, मुफ़्ती आदिल, एजाज़ अहमद, ज़मील अहमद, नफ़ीस अहमद, शादाब अहमद, सुल्तान अंसारी, मेराज अहमद, मोनू अंसारी, बिट्टू अंसारी, मुनीर अहमद आदि काफ़ संख्या में लोग मौजूद रहे। पिता को अरेस्ट करने के बाद पुलिस को चकमा देकर बेटे आतिफ द्वारा समर्थकों के साथ ज्ञापन दिये जाने पर आतिफ अंसारी को कार्यकर्ताओं ने सपा का सच्चा सिपाही बताया। आतिफ अंसारी पूर्व में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर चुके हैं। आतिफ अंसारी अपने पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

# कुरआन हमें जीने का सलीका सिखाता है- मौलाना अंसार



## बिलाल मस्जिद में दीनी जलसे का आयोजन

**बिजनौर (चिंगारी)।** युवाओं को दीनी तालीम, अच्छे संस्कार और समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने को प्रेरित करने के उद्देश्य चांदपुर चुंगी क्षेत्र की बिलाल मस्जिद में दीनी जलसे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों, युवाओं और बच्चों ने भाग लेकर दीनी बातों को सुना तथा अपने जीवन में उन्हें अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता मशहूर इस्लामी विद्वान हजरत मौलाना अंसार कामसी रामपुरी रहे। उन्होंने अपने प्रभावशाली संबोधन में कुरआन शरीफ की शिक्षाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि कुरआन इंसानियत को सही रास्ता दिखाने वाली ऐसी मुकद्दस किताब है, जो जीवन के हर पहलू में मार्गदर्शन प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि कुरआन हमें जीने का सलीका, समाज में रहने का तरीका तथा दुनिया और आखिरत की कामयाबी का रास्ता बताता है।

मौलाना अंसार कामसी ने शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर देते हुए कहा कि माता-पिता का पहला कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को बेहतर और उच्च शिक्षा दिलाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही देश और कौम की तरक्की का आधार बनता है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ दीनी तालीम भी हासिल करें, ताकि वे समाज में अपनी अलग पहचान बना सकें और देश की प्रगति में योगदान दे सकें। उन्होंने लोगों से अपने घरों में अच्छा दीनी और नैतिक माहौल बनाने की अपील करते हुए कहा कि बच्चों की परवरिश अच्छे संस्कारों के साथ की जाए, ताकि वे समाज के जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP




APPLY FOR VACANCY

- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)

Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562

CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

# एटीएम से कैश चोरी के प्रयास की घटना का 24 घंटे में खुलासा

## दो आरोपी व एक बाल अपचारी गिरफ्तार




**बिजनौर (चिंगारी)।** शहर के सिविल लाइंस स्थित पंजाब नेशनल बैंक की मुख्य शाखा के बाहर लगे एटीएम में चोरी के प्रयास का कोतवाली शहर पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त आर 1-5 बाइक, लोहे का पाइप, पेचकस तथा चोरी किया गया करीब 50 हजार रुपये कीमत का एसएनजी लॉक बरामद किया है।

मंगलवार तड़के तीन बदमाशों ने एटीएम से नकदी चोरी करने का प्रयास किया था। नकदी नहीं निकाल पाने पर उन्होंने लोहे की रॉड से एटीएम मशीन को क्षतिग्रस्त कर दिया और उसमें लगा एसएनजी लॉक तथा की बोर्ड लेकर फरार हो गए। पूरी वारदात एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। सुबह बैंक खुलने पर घटना की जानकारी होने पर एटीएम बंद कर दिया गया और बैंक कर्मचारी मनीष भारती की तहरीर पर कोतवाली शहर में मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने जांच के दौरान अनित उर्फ अमित निवासी गुड़ियापुर, भोलू निवासी जलालपुर काजी तथा एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने घटना स्वीकार करते हुए बताया कि वे एटीएम से नकदी चोरी करने पहुंचे थे, लेकिन असफल रहने पर मशीन को क्षतिग्रस्त कर एसएनजी लॉक और की बोर्ड चोरी कर ले गए थे। अगले दिन कहीं जाने की फिराक में थे, तभी पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।

Hero WORLD'S NUMBER 1 MOTORCYCLE & SCOOTER COMPANY FOR 25 YEARS IN A ROW
हीरो के मानसून सुपरहिट ऑफर्स
Hero
₹10,000/-* के बेनीफिट
₹5,999/-* डाउन पेमेन्ट
*नियम व शर्तें लागू
आकर्षक उपहार




₹10,000/-* Cash Discount




₹3,000/-* Exchange Bouns

कविता हीरो
(अधिकृत विक्रेता हीरो मोटोकॉर्प)
निकट सैंट मैरी स्कूल, किरतपुर रोड, बिजनौर
मो० : 9289922765

# आनंदीपुर में युवक का रक्तरंजित शव मिला

## परिजनों में कोहराम, गांव में सनसनी फैली

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** आज प्रात: आनंदीपुर में एक खेत में युवक की लाश मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। खून से लथपथ लाश देख परिजन बिलख पड़े। सूचना पर पुलिस फॉरेंसिक व डॉग स्क्वायड टीम के साथ पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्राम आनंदीपुर निवासी सतीश त्यागी पुत्र सागर सिंह ने अफजलगढ़ कोतवाली प्रभारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका 28 वर्षीय पुत्र हिमांशु त्यागी मंगलवार की शाम घर से गांव में घूमने जाने को कहकर निकला था। काफी देर तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की मगर उसका कोई अता पता नहीं चल सका। पूरी रात परिजन उसके आने की इंतजार करते रहे। आज प्रात: गांव वालों को राजेंद्र सिंह के खेत में स्थित ट्यूबवेल के पास खून से लथपथ लाश पड़ी मिली। मृतक की पहचान हिमांशु त्यागी के रूप में हुई जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ आलोक कुमार सिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक व डॉग स्क्वायड टीम को भी घटना स्थल पर बुला लिया गया। बारीकी से जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के पिता सतीश त्यागी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध बीएनएस की धारा 103(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की गहन जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक के भाई विवेक त्यागी के मुताबिक हिमांशु त्यागी अविवाहित था। पहले गुड़गांव में स्थित एक कंपनी में जॉब करता था और वहां से 6 माह पहले जॉब छोड़कर खेती किसानी हेतु घर वापस आ गया था। परिजनों ने बताया कि उसकी किसी से किसी प्रकार की कोई दुश्मनी नहीं थी। हिमांशु त्यागी की हत्या किसने और क्यों‌की यह सवाल गांव में हर आदमी की जुबान पर है।



हिमांशु की लाश के पास जांच पड़ताल करती पुलिस।

मृतक हिमांशु का फाइल फोटो।

# बाईपास चौड़ीकरण कार्य की हुई तैयारी

## मार्ग पर अतिक्रमण हटाने को नोटिस जारी

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर-बाईपास मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा कराने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने सड़क किनारे किए गए अतिक्रमणों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग की ओर से मार्ग के किनारे बने अवैध रैंप, चबूतरे और अन्य निर्माण हटाने के लिए कई लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं।

पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड-2, बिजनौर (मुख्यालय नजीबाबाद) के अधिकारियों के अनुसार दुर्गा विहार से राजपूताना तक बाईपास मार्ग का चौड़ीकरण कार्य प्रगति पर है। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण पाए गए, जिनके कारण निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। इसी के मद्देनज़र संबंधित लोगों को निर्धारित अवधि के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि नोटिस मिलने के बाद यदि तय समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है, तो प्रशासन और पुलिस की सहायता से अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा। कार्रवाई में आने वाला व्यय भी नियमानुसार संबंधित व्यक्तियों से वसूला जाएगा।



गन्ने की फसल का निरीक्षण करते हुए धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा।

# शुगर मिल के अधिकारियों ने किया गन्ने की फसल का निरीक्षण

**धामपुर ( चिंगारी )।** ग्राम आमखेड़ा में किसान गोष्ठी का आयोजन ग्राम प्रधान पति दीपक राजपूत के निवास स्थान पर किया गया। धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा व सहायक उपाध्यक्ष संजीव कुमार ने किसानों की समस्याएं के बारे में जानकारी ली तथा गन्ने की फसल में लगने वाले कीट व रोगों से बचाव के लिए रॉकेट व कनिका का स्प्रे करने पर बल दिया। ग्राम आमखेड़ा निवासी राकेश कुमार के गन्ने के प्लाटों का निरीक्षण किया जिसमें किसी भी प्रकार का रोग नहीं दिखाई दिया।


# ममेरी बहन से दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग के साथ उसके रिश्ते के ममेरे भाई द्वारा किए गए दुष्कर्म के मामले में दर्ज हुई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पॉक्सो एक्ट के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करके उसका चालान कर दिया है।

प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल सौरभ, कांस्टेबल विनोद गिरी व अन्य पुलिस टीम गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त अनुज पुत्र उमेश निवासी ग्राम किरतपुर, थाना नगीना देहात, जिला बिजनौर दुर्गा विहार रेलवे फाटक के पास खड़ा है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया।

प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त अनुज कुमार शादीशुदा है और एक बच्चे का पिता है। वह अक्सर गांव में रहने वाली अपनी बुआ के घर आता जाता रहता था। कुछ दिन पूर्व भी वह घर आया था और रात में उसने अपनी बुआ की नाबालिग बेटी के साथ ही दुष्कर्म किया।

# गुरु पूर्णिमा पर वेद निकेतन धाम हरिद्वार में होगा महोत्सव



महंत राधेश्याम व्यास जी

**धामपुर ( चिंगारी )।** गुरु-शिष्य परंपरा के पावन पर्व गुरुपूर्णिमा महोत्सव-2026 के उपलक्ष्य में आगामी 29 जुलाई को हरिद्वार के भूपतवाला स्थित वेद निकेतन धाम में भव्य आध्यात्मिक आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन महंत राधेश्याम व्यास के सान्निध्य में संपन्न होगा। जिसमें उत्तराखंड सहित विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। यह जानकारी देते हुए श्री राम मंदिर आश्रम धामपुर के व्यवस्थापक पंडित सौरभ वशिष्ठ तथा सुमित अवस्थी ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत गुरु पूजन, वैदिक अनुष्ठान, सत्संग, भजन-कीर्तन एवं आध्यात्मिक प्रवचनों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी रहेगी।

# सुखरौ नदी की धारा बदल रही लगातार

## खूनीबड़-निंबूचौड़ गांवों में बढ़े खतरे के आसार

### नदी की धारा चैनलाइजेशन कराने की मांग की

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सुखरौ नदी की लगातार बदलती धारा और प्रलयकारी बाढ़ से ग्राम निम्बूचौड़ एवं खूनीबड़ की कृषि भूमि, ग्रामीण आबादी तथा सिंचाई विभाग की बाढ़ सुरक्षा संरचनाओं पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। इस संबंध में स्वतंत्र पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता उमेश चन्द्र नौटियाल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर तत्काल प्रभाव से नदी की धारा का वैज्ञानिक ढंग से चैनलाइजेशन कराने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रतिवर्ष सुखरौ एवं ग्वालगढ़ नदी की बाढ़ से निम्बूचौड़ तथा खूनीबड़ क्षेत्र की उपजाऊ भूमि नदी में समा रही है। नदी की धारा लगातार गांव की ओर खिसकने से सिंचाई विभाग की सुरक्षा दीवार की नींव भी प्रभावित होने लगी है, जिससे भविष्य में बड़े नुकसान की आशंका बढ़ गई है। श्री नौटियाल ने मांग की है कि सुखरौ नदी पुल के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में पोकलेन मशीनों के माध्यम से नदी की धारा का तत्काल चैनलाइजेशन किया जाए। चैनलाइजेशन से निकलने वाले रिवर बेड मैटेरियल (आरबीएम) का उपयोग नदी किनारे 15-20 फुट तक गहरे हो चुके कटावग्रस्त हिस्सों को भरने में किया जाए, ताकि भविष्य में होने वाले भूमि कटाव को रोका जा सके। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्ष 1960-70 के दशक में सुखरौ नदी का प्रवाह वर्तमान स्थान से भिन्न था तथा नदी के दोनों ओर वन क्षेत्र मौजूद था। समय के साथ अनियंत्रित कटाव के कारण नदी का फैलाव लगभग 400 मीटर तक हो गया है। इस तथ्य का सत्यापन पुराने बंदोबस्ती अभिलेखों से किया जा सकता है।

# अमरनाथ गुफा में टेककर मत्था, लौट आया श्रद्धालुओं का जत्था

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्री शिव शक्ति सेवा मंडल पंजाब की शाखा धामपुर के संयोजक सुनील अग्रवाल पचरंगी के नेतृत्व में कश्मीर के गादरबल जिले में स्थित बाबा अमरनाथ की गुफा में बर्फानी बाबा के दर्शन करने गया 28 वां जत्था धामपुर वापस लौट आया है। जत्थे में बिजनौर से सुरेंद्र कुमार, मनोज कुमार, सुनील कुमार, पुलकित जैन, अफजलगढ़ से रोबिन कुमार अनुज कुमार, दिल्ली से भारती जैन, शिवम जैन, विजेंद्र कुमार, हरीश शर्मा, हरिद्वार से अमर सिंह, नोरतू, आदित्य कुमार, कमल सिंह, संदीप आदि शामिल रहे। धामपुर पहुंचने पर अजय कुमार पिंटू ने माल्यार्पण कर जत्थे का स्वागत किया।



अमरनाथ यात्रा से लौटा जत्था।

# नकली के बदले असली सोने के आभूषण व आठ लाख रुपये ठगने वाले तीन शातिर ठग गिरफ्तार

## तीनों के पास छह लाख रुपये व सोने की चार चेन बरामद

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार पुलिस ने नकली सोने के सहारे असली दौलत बटोरने वाले तीन शातिर ठगों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। ठगों का एक साथी मौके से फरार होने में सफल रहा। ठगों के कब्जे से पुलिस ने छह लाख रू. नगद व चार सोने की चेन भी बरामद की हैं। वहीं फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 जुलाई 2026 को वादी विभाष अग्रवाल निवासी जौनपुर, कोटद्वार द्वारा कोतवाली में एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि 22 मार्च 2026 को रघुवीर नाम का व्यक्ति उनके पास आया तथा स्वयं को कोटद्वार निवासी बताते हुए आर्थिक आवश्यकता होने की बात कहकर अपनी एक अंगूठी गिरवी रखकर उनसे 25,000 रू. उधार ले गया। कुछ समय पश्चात उसने पैसे लौटा दिए। 06 जुलाई 2026 को उक्त व्यक्ति पुनः अपने एक अन्य साथी के साथ उनकी दुकान पर आया तथा अपनी पुत्री के विवाह हेतु धन की आवश्यकता होने की बात कही। उसने कुछ सोने के पेंडल देकर बदले में तैयार आभूषण एवं नगद धनराशि देने का अनुरोध किया। पूर्व में कई बार लेन-देन होने तथा विश्वास स्थापित होने के कारण उन्होंने उसे कुछ आभूषण तथा आठ लाख रू. नगद दे दिए। बाद में जब उन्होंने दिए गए आभूषणों की जांच कराई गई तो ज्ञात हुआ कि रघुवीर द्वारा दिए गये आभूषण सोने के आभूषण न होकर नकली हैं। इसके उपरांत उन्होंने रघुवीर से संपर्क करने का प्रयास किया किन्तु उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ मिला व उससे किसी भी प्रकार से संपर्क नहीं हो पाया। शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश आरंभ कर दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी के निर्देश परअपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार ठाकुर के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी अस्मिता मंमगाई के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक प्रदीप नेगी के नेतृत्व में घटना के अनावरण हेतु अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। टीमों द्वारा गहन जांच-पड़ताल करते हुए घटनास्थल एवं संभावित मार्गों पर लगे लगभग 170 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का अवलोकन किया गया। इस सम्पूर्ण कार्यवाही के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि आरोपी बस से कोटद्वार आये थे तथा घटना करने के बाद नजीबाबाद चले गये थे। इसके बाद पुलिस टीम ने उनके आने-जाने पर नजर रखते हुए व मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए घटना में संलिप्त राजस्थान निवासी तीन आरोपियों रघुवीर नायक, विक्रम भोपा, व बलवीर नायक तीनों निवासी पृथ्वीपुरा खेडा, जिला-अलवर (राजस्थान) को रेलवे स्टेशन कोटद्वार से गिरफ्तार किया गया।

इस दौरान पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के पास से छह लाख रुपये नगद व सोने की चार चेन भी बरामद की गई। वहीं मामले में फरार आरोपी नीरज, निवासी-खेड़ा राजस्थान की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। गिरफ्तारशुदा आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

> **सभी आरोपी राजस्थान की घुमंतू जाति के**

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे मूल रूप से राजस्थान के घुमन्तू जाति के हैं और सुनियोजित तरीके से विभिन्न स्थानों पर ज्वैलर्स को अपना निशाना बनाते हैं। विश्वास जीतने के लिए वे प्रारम्भ में असली सोने की ज्वैलरी गिरवी रखकर समय-समय पर ब्याज सहित उसे छुड़ाते थे। 5-6 बार ऐसा करने के बाद जब ज्वैलर का उन पर विश्वास स्थापित हो जाता था, तब वे सोने की परत चढ़े नकली आभूषण गिरवी रखकर उसके बदले 60-70 प्रतिशत मूल्य की असली सोने की ज्वैलरी प्राप्त कर लेते थे और अपने मोबाइल फोन बंद कर फरार हो जाते थे।

# विद्यार्थियों को पत्रकारिता व जनसंचार विभाग में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया

### महाविद्यालय में हुआ कार्यशाला का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित राजकीय महाविद्यालय में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की ओर से युवा शक्ति और मीडिया एवं भविष्य की संभावनाएं पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डीएस नेगी ने सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विभाग प्रभारी प्रो. डॉ ज्योति खरे ने पत्रकारिता व जनसंचार पाठ्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुये छात्र-छात्राओं को इसमें प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी ने सोशल मीडिया के इनफ्लुएंसर से पत्रकारिता एवं जनसंचार पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने हेतु युवाओं को जागरूक करने का आह्वान किया। पूर्व विभागध्यक्ष प्रो. डॉ प्रीति रानी ने पाठ्यक्रम की अवधारणा तथा इसकी आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। प्राध्यापक चक्रधर कंडवाल, अरविंद दुदपुड़ी व अनुपम भारद्वाज ने पत्रकारिता एवं जनसंचार पाठ्यक्रम की विशेषताओं और रोजगार के अवसरों पर जानकारी दी। कार्यशाला में छात्र संघ अध्यक्ष विकास कुमार, प्रो. डॉ. वी सी शाह, डॉ. सुनीता नौटियाल, डॉ. मीनाक्षी वर्मा, डॉ. रश्मि बहुखंडी और डॉ. सुरेश कुमार सहित पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## इग्नू में 31 जुलाई तक होंगे नवीन प्रवेश

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** इग्नू ने जुलाई 2026 सत्र में नवीन प्रवेश एवं पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि को 31 जुलाई 2026 तक विस्तारित करने के साथ ही इस सत्र से बैचलर ऑफ रूरल स्टडीज़ पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किया है। यह जानकारी देते हुए इग्नू अध्ययन केंद्र कोटद्वार के सहायक समन्वयक डा. एस सी बहुगुणा ने बताया कि जो विद्यार्थी अभी भी इग्नू में प्रवेश लेना चाहते हैं, उनके लिए यह एक सुनहरा अवसर है। बताया कि इच्छुक विद्यार्थी इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट www.ignou.ac.in पर जाकर स्टूडेंट सर्विसेज के एडमिशन अनुभाग के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# हाईस्कूल व इन्टरमीडिएट के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** मेरी आवाज सुनो फाउंडेशन और राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ की ओर से नगर निगम प्रेक्षागृह में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर के विभिन्न विद्यालयों के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बीरेंद्र रावत ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। विशिष्ट अतिथि संस्थापक एवं महासचिव एकोहम फाउंडेशन अपाला बडोनी ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था सभी वर्गों के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों पर प्रोत्साहित कर रही है, जो एक सराहनीय कार्य है। तत्पश्चात संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर.डी.शर्मा ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर विद्यार्थियों और गुरूजनों को सम्मानित किया। इससे पूर्व फाउंडेशन की ओर से मुख्य अतिथि का स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के जिलाध्यक्ष मनोज नौडियाल, मेरी आवाज़ सुनो फाउंडेशन की जिलाध्यक्ष महमूदा मुस्कान, संरक्षक अबरार हैदर, रश्मि चौधरी, पूनम राणा, राजा और किरन डोबरियाल सहित कार्यकारिणी के समस्त सदस्य मौजूद रहे।

# भटखोला कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य की हत्या पर शिक्षकों ने जताया रोष

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय शिक्षक संघ, गढ़वाल मंडल शाखा ने पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज भटखोला, बागेश्वर के प्रभारी प्रधानाचार्य दयानंद टम्टा की स्कूल जाते समय हुई हत्या की घटना की कड़ी निंदा की है। संगठन ने इसे दुखद और समाज के लिए चिंताजनक बताते हुए आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। गढ़वाल मंडल शाखा के अध्यक्ष जयदीप रावत और मंत्री मनमोहन सिंह चौहान ने यहां जारी बयान में कहा कि इस प्रकार की घटनाओं का सभ्य समाज में कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि यह वारदात आरोपी की विकृत मानसिकता को दर्शाती है और ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई आवश्यक है। कहा कि अन्य शिक्षकों से मिली जानकारी में सामने आया है कि विद्यालय के वरिष्ठ लिपिक नवल किशोर सुराड़ी सेवा अवधि के दौरान पहले भी कई बार अधिकारियों के साथ अनुशासनहीनता कर चुके थे। इसी कारण खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रभारी प्रधानाचार्य को उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए थे। मौके पर उन्होंने शासन, प्रशासन से मांग की कि आरोपी के खिलाफ शीघ्र एवं कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि शिक्षा जगत में सुरक्षा का माहौल कायम रहे और भविष्य में कोई भी इस तरह की घटना को अंजाम देने का साहस न कर सके।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

# भीम आर्मी ने मनाया 11वां स्थापना दिवस

## संगठन को आगे बढ़ाने के लिए अनुशासन ज़रूरी : अमरीश कपिल



**चिड़ियापुर ( चिंगारी )।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन का 11वां स्थापना दिवस मंगलवार को श्यामपुर स्थित सीमा पैलेस में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में संगठन को मजबूत बनाने, अनुशासन और सामाजिक एकता पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कांशीराम, संत रविदास व अन्य महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर और भारतीय संविधान की प्रस्तावना के वाचन के साथ हुई। संगठन के उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी अमरीश कपिल ने कहा कि जब-जब युवाओं ने संगठित होकर कदम बढ़ाया है, तब-तब उन्होंने अपने लक्ष्य हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि संगठन को आगे बढ़ाने के लिए अनुशासन सबसे जरूरी है। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने पद की गरिमा के अनुरूप कार्य करना चाहिए। सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि लोग अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। व्यवस्था परिवर्तन के लिए जागरूक समाज और मजबूत विचार आवश्यक हैं। इसी दौरान उन्होंने हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के लिए आजाद समाज पार्टी के भावी प्रत्याशी के रूप में डॉ. सत्येंद्र का परिचय भी कराया। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष अनुज कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सत्येंद्र कुमार अशोक, बबिता सिंह, सोनू कश्यप, विनीत कुमार, शिवम कुमार, सत्येंद्र राणा, अंकित कुमार, विपिन कुमार, राजा सागर, मिथुन, अर्जुन कुमार, कपिल कुमार, इकबाल अंसारी, शेर सिंह, कंवरपाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# ‘ओ री माँ की सोन चिरैया’ : करुणा की पराकाष्ठा और मनुष्यता का विलाप

**समालोचना**

**कुछ रचनाएँ पढ़ी नहीं जातीं, वे भीतर उतर जाती हैं। कुछ गीत गुनगुनाए नहीं जाते, वे आँखों में उतरकर आँसू बन जाते हैं। और कुछ शब्द ऐसे होते हैं जो कागज़ पर नहीं, सीधे मनुष्य के अंतःकरण पर लिखे जाते हैं। आदरणीय इंद्रदेव भारती जी का गीत ‘ओ री माँ की सोन चिरैया’ ऐसी ही एक रचना है।**

यह गीत पढ़ते हुए बार-बार लगा कि मैं कोई कविता नहीं पढ़ रहा हूँ, बल्कि एक असहाय बच्ची की चीखें सुन रहा हूँ। उन चीखों के बीच एक माँ की सूनी आँखें दिखाई देती हैं, एक पिता का टूटा हुआ साहस दिखाई देता है और एक पूरे समाज का झुका हुआ माथा दिखाई देता है। शायद यही किसी भी महान करुण गीत की सबसे बड़ी सफलता होती है कि वह पाठक को दर्शक नहीं रहने देता, बल्कि घटना का सहभागी बना देता है।


इंद्रदेव भारती




भारती जी ने बालिका का कोई नाम नहीं लिया। उन्होंने उसे किसी धर्म, जाति, प्रदेश या परिवार की पहचान नहीं दी। उन्होंने उसे केवल इतना कहा-

‘ओ री माँ की सोन चिरैया,
ओ री बापू की गौरैया।’

यही दो पंक्तियाँ पूरे गीत का हृदय हैं। जिस क्षण कवि ‘सोन चिरैया’ कहता है, उसी क्षण वह बच्ची पूरे देश की बेटी बन जाती है।

वह केवल किसी समाचार की सुर्ख़ी नहीं रहती, बल्कि हर माँ की कोख और हर पिता की धड़कन बन जाती है।

गीत का आरंभ अत्यंत सहज है, पर भीतर अथाह वेदना छिपाए हुए है। कवि उस बालिका की अबोधता को जिस सरलता से चित्रित करता है-

‘अभी पंख निकले-निकले थे,
अभी नीड़ से तू थी निकली।’

वहाँ शब्दों का सौंदर्य नहीं, मासूमियत का सौंदर्य दिखाई देता है। ऐसा लगता है जैसे एक नन्ही गौरैया ने पहली बार उड़ना सीखा हो और उसी क्षण निर्दयी गिद्धों ने उसे घेर लिया हो। यह बिंब केवल दृश्य नहीं रचता, बल्कि पाठक के भीतर असुरक्षा का भय भी पैदा करता है।

गीत का मध्य भाग पढ़ना आसान नहीं है। यहाँ कवि घटना का विवरण नहीं देता, वह पीड़ा का पुनर्सृजन करता है। प्रत्येक पंक्ति पाठक को उस बच्ची की छटपटाहट का अनुभव कराती है-

‘फड़फड़ाई होगी तू कितनी,
छटपटाई होगी तू कितनी।’

यहाँ कवि कहीं भी अतिनाटकीय नहीं होता। उसकी भाषा सीधी है, पर उसका प्रभाव असहनीय है। यही सच्चे गीत की शक्ति है।

भारती जी की एक विशेषता यह है कि वे केवल घटना का चित्रण नहीं करते, बल्कि मनुष्य के भीतर सोई हुई संवेदना को जगाने का प्रयास करते हैं। जब वे लिखते हैं-

‘उनकी भी एक बिटिया होगी,
तुझ-सी प्यारी गुड़िया होगी।’

तो यह केवल अपराधियों से पूछा गया प्रश्न नहीं है। यह हम सब से पूछा गया प्रश्न है। क्या मनुष्य अपने भीतर की मनुष्यता को इतना खो सकता है कि उसे किसी और की बेटी में अपनी बेटी दिखाई ही न दे?

गीत का उत्तरार्ध पढ़ते हुए मन और अधिक भारी हो जाता है। कवि उस बच्ची के माता-पिता के घर पहुँच जाता है। वहाँ कोई संवाद नहीं है, केवल मौन है। कोई भोजन नहीं है, केवल भूख है। कोई नींद नहीं है, केवल प्रतीक्षा है।

-डॉ. वीरेन्द्र ‘पुष्पक’

## मेरा नाम करेगा रोशन...


शिवांश पंवार | आराध्या पंवार | गर्व राजपूत | विधान राजपूत

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** सभी माता - पिता अपने बच्चों को कामयाबी की बुलंदी पर पहुंचते हुए देखना चाहते हैं। कहते हैं मां - बाप के सपने उनके बच्चों की आंखों में पलते हैं। मां - बाप अपने बच्चों के भविष्य को संवारने के लिये जो सपने देखते हैं , उन्हें साकार करने के लिये अपनी खुशियों और सपनों का भी त्याग कर देते हैं। वे चाहते हैं कि उनके बच्चे जीवन के हर मोड़ पर सफल हों और अपने साथ - साथ उनका और गांव - क्षेत्र का भी नाम रोशन करें। प्रस्तुत हैं ऐसे ही कुछ स्वप्न , जो माता - पिता ने अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिये देखे हैं । **नांगल से सटे ग्राम खानपुर** के निवासी दम्पति कुसुमलता और सुधीर भुईयार ( भाजपा नेता ) का पुत्र शिवांश पंवार आरपीएस पब्लिक स्कूल चंदक में कक्षा 5 का छात्र है तथा पुत्री आराध्या पंवार कक्षा 9 की छात्रा है। माता - पिता का कहना है कि उनके बच्चे जिस फील्ड में भी जाना चाहें , वे उन्हें वहीं पर एक सफल और अच्छा इंसान बनाना चाहते हैं। सबसे पहले वे बच्चों को संस्कारवान बनने की शिक्षा / प्रेरणा दे रहे हैं।

ग्राम बरकातपुर निवासी नेहा राजपूत और गौरव राजपूत ( पत्रकार ) का पुत्र विधान राजपूत आरएन इंटरनेशनल स्कूल बरकातपुर में कक्षा 3 का छात्र है। उनका सपना अपने बेटे को आईएएस अधिकारी बनाने का है। वे चाहते हैं कि उनका बेटा अधिकारी के साथ - साथ एक अच्छा इंसान भी बने। **ग्राम बरकातपुर** निवासी राधा देवी ( निवर्तमान ग्राम प्रधान ) और सुधीर राजपूत का पुत्र गर्व राजपूत एमडी इंटरनेशनल स्कूल बिजनौर में कक्षा 9 का छात्र है। वे चाहते हैं कि उनका बेटा स्वेच्छा से अपने लिये बेहतर क्षेत्र का चयन करे। बेटा जिस फील्ड में भी जाये , एक ईमानदार और अच्छा इंसान बनकर कार्य करे। ‘चिंगारी’ परिवार परमपिता परमेश्वर से कामना करता है कि सभी माता - पिता के स्वप्न साकार हों।

**प्रस्तुतिः- रुकन राजपूत**

## अंत्योदय से राष्ट्रोदय’ की यात्रा प्रदेश के विकास को देगी नई दिशा- योगी

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रत्येक विकास परियोजना जनविश्वास को सुदृढ़ करने का माध्यम है और जनकल्याण की हर योजना अंत्योदय के संकल्प को साकार करने की मजबूत आधारशिला है। इसी भावना के साथ मुख्यमंत्री मंगलवार को बहराइच और श्रावस्ती जिले की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में 748 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 153 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, चेक, आवास की चाबियां, अध्ययन सामग्री (स्टडी किट) तथा आयुष्मान कार्ड भी वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ‘अंत्योदय से राष्ट्रोदय’ की यह यात्रा विकसित और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के निर्माण को नई गति प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, जिससे प्रदेश के समग्र और समावेशी विकास का संकल्प साकार हो सके।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर
के बादशाह
एथर का शोरूम
आवश्यकता है- धामपुर में मैनेजर एवं मैकेनिक की ( केवल धामपुर वाले को वरीयता )
मो. 8192801901
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# Grand Opening

*We request the honor of your presence at the Inauguration Ceremony of*

## APEX HOSPITAL

### PROGRAMME

**Thursday, 23rd July, 2026**

Hawan ........................................ 11:00 A.M.
Inauguration Ceremony .................... 12:00 Noon
Bhoj ........................................ 12:30 Noon

Graced by our Chief Guest

**Smt. Gayatri Goyal**
**Smt. Neeta Singh**

Venue :

**APEX HOSPITAL**

Near District Hospital, Mandawar Road, Bijnor

**JOIN US TO CELEBRATE**

**RSVP**

Dr. Nitin Goyal | Dr. Garima Singh
Shri Ram Mohan Goyal | Dr. Virendra Singh
Shri Sahab Singh Ji & Family

9013327026